DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- Hindustan Times NEW DELHI SATURDAY APRIL 05, 2025

4 members of Tewatia gang held in S Delhi

NEW DELHI: Four members of the Prince Tewatia gang have been arrested and firearms and eight cartridges have been recovered from them, police said, claiming to have averted a possible gang war in south Delhi. They were nabbed from near Madangir DDA Flats in south Delhi and were identified as Rakesh alias Raka, 30, Hunny Rawat, 28, Rishu Prasad, 25, and Mohammad Dilshad, 24. Gangster Tewatia was stabbed to death in Tihar jail by members of a rival gang in a suspected gang rivalry in April 2023.

SIGNATURE VIEW PROTESTS: DDA FILES COMPLAINT

Sanjeev K Jha

sanjeev.jha@hindustantimes.com

NEW DELHI: The Delhi Development Authority (DDA) has filed a complaint against the residents of Signature View Apartments who allegedly entered its headquarters "forcefully" and "damaged property" on Thursday, officials said on Friday.

Over 150 residents had stormed into the DDA office in INA on Thursday, demanding action on the long-delayed vacating and reconstruction of the crumbling building, which has been deemed "unsafe." Security personnel attempted to block their entry, leading to a brief skirmish in which a glass divider was shattered. Taking note of the incident, DDA has decided to make all public meetings online from now. When contacted, DCP (south) Ankit Chouhan said further legal action will be taken after examining the complaint.

DDA files Yamuna encroachment list

Jasjeev Gandhiok

jasjeev.gandhiok@hindustantimes.com

NEW DELHI: The Delhi Development Authority (DDA) has informed the National Green Tribunal (NGT) that it has reclaimed around 590 hectares of encroached land on Yamuna floodplains in 2024.

However, over 123 hectares is still encroached upon on the 22km Wazirabad-Yamuna Khadar stretch.

The list shared by DDA includes 27 major encroachments on the stretch, including jhuggis, temples, gurdwaras, mosques, gaushalas, akharas, and workshops. The prominent structures include the Ladakh Budh Vihar Monastery market, Aruna Nagar, Nigambodh Ghat and the Hindon Sarovar near DND flyway. The government structures include a Boat Club office, a DJB pump house, an MCD toilet, a DUSIB shelter and a gas agency's building.

The list of encroachments also includes 32 large plots on an area of 130,000 sqms and agricultural or jhuggi land over one million sqms. The NGT has been hearing multiple pleas on encroachments on the Yamuna floodplains. On February 6, it had rapped DDA for not complying with its 2019 order on removal of the encroachments.

DDA said some encroachments were still a subject matter of court proceedings "due to which no action can be taken on the site till a final decision is taken."

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-------- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI SATURDAY, APRIL 5, 2025 --DATED--

Responsibility of states to maintain wetlands, Centre tells green tribunal

TIMES NEWS NETWORK

New Delhi: Environment ministry has placed responsibility on the state administration in its response to the National Green Tribunal (NGT) regarding a pond in southwest Delhi that was affected when the National Highways Authority of India (NHAI) constructed a highway across it.

The reply from the ministry came after the tribunal in 2024 took suo motu cognizance of a Sept 2024 **TOI** report titled "NHAI has made highway at protected pond site in Delhi: Activists". The article pointed out that NHAI built Urban Extension Road-II over the pond in Goyla Khurd village, situated in Delhi's south-west district. The pond was among the list of over 1,000 ponds meant to be protected.

"The land and water are a subject matter of the state govt. The forest/wetland areas and the legal boundaries thereof are determined and maintained by the concerned state govt. That being the repository of land records, the state govt has the primary responsibility to determine the status of any parcel of land," stated the ministry of environment, forest and climate change (MoEFCC) in a reply dated April 2.

The reply came after the tribunal in 2024 took suo motu cognizance of a Sept 2024 TOI report titled 'NHAI has made highway at protected pond site in Delhi: Activists'

The ministry said it identified over 2.3 lakh wetlands nationwide in 2021, and their safeguarding falls with the respective state govt, which in this instance, is the Delhi govt.

"Under the Wetlands Rules, 2017, the state/union territories wetland authorities have been constituted, thereby replacing the erstwhile central wetlands regulatory authority," stated the union ministry. It highlighted that activities restricted under the rules include conversion for non-wetland uses, including encroachment of any kind; setting up of any industry; manufacture or handling or storage or disposal of construction and demolition waste; solid waste dumping; discharge of untreated wastes and effluents from industries, cities, towns, villages, and other human settlements; any construction of a permanent nature except for boat jetties within fifty meters from the mean high flood level observed in the past 10 years calculated from the date of commencement of these rules; and poaching.

Earlier this year, the Delhi Pollution Control Committee (DPCC) and Delhi state wetland authority held Delhi Development Authority (DDA), the land-owning agency, answerable for handing over a listed pond to NHAI, over which a highway was constructed, impacting the water body.

THE INDIAN EXPRESS, SATURDAY, APRIL 5, 2025

4 members of Prince Teotia gang arrested

EXPRESS NEWS SERVICE
NEW DELHI, APRIL 4

FOUR MEN, suspected to be members of the Prince Teotia gang, were arrested early Friday while they were allegedly on the lookout to kill rival gang members in Malviya Nagar and Ambedkar Nagar, police said.

The police identified the accused as Rakesh (30), Huney Rawat (28), Rishu (25), and Dilshad (24), all allegedly attached to jailed gangster Rohit Choudhary.

"They also planned to kill Choudhary when he was released on bail. But his bail plea was cancelled due to some documentation issue," a senior officer said.

The arrests were made after the police received a tip-off about the men coming towards the BRT road.

"The police team laid a trap on BRT road near the DDA flats at Madangir," DCP (South) Ankit Chauhan said. A car was spotted, with four men inside. It was intercepted and the four were arrested, police said.

"Three pistols with magazines having six live cartridges, one countrymade pistol with two live cartridges and the car were recovered," DCP Chauhan said.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---------THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI DATED---SATURDAY, APRIL 5, 2025

Delhi Govt Approves Sahibi River Corridor

Transfers 4 Key Roads To NHAI For Better Upkeep

Abhinav.Rajput
@timesofindia.com

New Delhi: Delhi govt on Friday approved the construction of a dedicated corridor along both sides of the Sahibi river, from Dhansa to Wasai Dharapur. At a high-level committee meeting, four major roads, previously under PWD, were also officially handed over to NHAI for better management, expansion and maintenance.

The meeting, chaired by Public Works Department minister Parvesh Verma, was held for coordination among different agencies. Several crucial decisions were taken to eliminate traffic bottlenecks, improve inter-agency coordination and expedite key road projects. "Our govt is working relentlessly to make Delhi a modern, well-connected and congestion-free city, with infrastructure that meets global standards," Verma said.

Regarding the road along the Sahibi, a senior official said that the corridor would be developed to reduce traffic congestion and provide an alternative route. This will offer seamless connectivity and ease vehicular movement in key areas of the city, he added.

Parvesh Verma

A dedicated slip road from NH-48 to Naraina will also be constructed. "To ensure smooth traffic flow, the police station near Dhaula Kuan metro station will be relocated to create the dedicated slip road," the official said. "The move will eliminate a major traffic bottleneck in the area," he added.

The committee, which comprises top officials from Municipal Corporation of Delhi, Delhi Development Authority, National Highways Authority of India and New Delhi Municipal Council, also decided that four key PWD roads would be transferred to NHAI. "To enhance road quality, streamline traffic movement and improve maintenance efficiency, four major roads in Delhi have been officially handed over to NHAI," said the official.

The roads are Delhi-Rohtak Road (NH-10) — a 13.2km-long stretch from Peeragarhi to Tikri border; a 6.8 km-long NH-10 stretch from Peeragarhi to Zakhira; Mathura Road (NH-2) — a 7.5km stretch from Ali village to Ring Road till Ashram junction; and an 8km stretch on MG Road (NH-148A).

Verma said, "Under the dynamic leadership of Prime Minister Narendra Modi, govt is committed to transform Delhi's road infrastructure into a world-class, seamless and future-ready network." He added, "The Sahibi corridor will be a game changer for the city, offering an alternative traffic route and significantly reducing congestion."

The transfer of key stretches to NHAI will ensure faster expansion, better maintenance and a more efficient commuting experience for Delhiites, the minister claimed.

Gang war in south Delhi averted as four arrested

Times News Network

New Delhi: A gang war was averted in south Delhi after four members of the Prince Teotia gang were arrested in Madangir. They planned to shoot rival gang members but were caught before they could carry out the attack.

An inquiry revealed that one of the accused, who was recently released from jail on March 6, was assaulted by members of the rival gang while incarcerated. Upon his release, he and his associates began plotting to kill the rival gang members.

The accused were identified as Rakesh, Hunny Rawat, Rishu Prasad and Dilshad.

Deputy commissioner of police (South) Ankit Chauhan said they received information about the movements of the gang members in a car near Madangir. " After confirming the credibility of the intelligence, the team set up a strategic trap near DDA flats, Madangir," the officer said.

At 10 pm on Thursday, one car was spotted in a suspicious condition. "The team intercepted the car, stopped the vehicle, and overpowered the four occupants. Upon a cursory search, three pistols with magazines containing six live cartridges, a country-made pistol with two live cartridges, and one car were recovered from their possession," the DCP said, adding that a case was registered.

Rakesh told the cops that he was in judicial custody since 2019 and was convicted in a case of attempted murder. Recently, he was granted bail and was released on March 6. After his release, he reconnected with Rawat, Prasad and Dilshad.

"Rakesh said that he harboured a grudge against the members of the rival gang, as one of the members orchestrated an assault on him inside jail," the officer said further.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS----- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 5 अप्रैल 2025 TED-----

DDA प्रोजेक्ट्स में तेज़ी, समय से पूरा करेंगे: LG

■ पूनम गौड़, नई दिल्ली: उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा है कि डीडीए अब अपनी परियोजनाओं को तय समय पर पूरा करने पर जोर दे रहा है। डीडीए ने तय किया है कि प्रोजेक्ट के शिलान्यास के वक्त ही उसे पूरा करने के लिए जो टाइमलाइन तय की जाएगी, उसके भीतर ही काम पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि डीडीए रोहिणी और नरेला में दो स्पोर्ट्स टाउनशिप तैयार कर रहा है। जब तक डीडीए के बने हुए फ्लैटस नहीं बिक जाते, तब तक नए हाउसिंग प्रोजेक्ट शुरू नही किए जाएंगे।

विनय कुमार सक्सेना

NBT इंटरव्यू

▸▸ पेज 4

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- । नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 5 अप्रैल 2025 ED----

नई सरकार अच्छा काम कर रही है, सभी मोर्चों पर एक्टिव है। उम्मीद है समस्याओं को हल करने में इसी तरह आगे भी काम करती रहेगी : वीके सक्सेना

पॉलिसी में किया सुधार, बंदिशों को हटाया : LG

50 के दशक में अस्तित्व में आए डीडीए की दिल्ली के विकास में अहम भूमिका रही है। बीते कुछ सालों में प्राइवेट बिल्डर्स के आने के बाद डीडीए की हाउसिंग योजनाओं को लोगों ने खारिज करना शुरू कर दिया। नतीजा, डीडीए न सिर्फ घाटे में आ गया बल्कि उसकी छवि को भी धक्का लगा। लेकिन हाल के वर्षों में डीडीए ने यमुना नदी के किनारों को विकसित करने के साथ ही कई और योजनाओं पर भी काम शुरू किया है। फिलहाल डीडीए ने नए हाउसिंग प्रोजेक्ट्स से अपने हाथ क्यों खींच लिए हैं और किन नीतियों में बदलाव कर रहा है? इन सभी सवालों पर डीडीए के पदेन अध्यक्ष और दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से बात की गुलशन राय खत्री और पूनम गौड़ ने :

NBT इंटरव्यू

Q आप भी दिल्ली को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने की बात कहते रहे है। DDA भी बड़ी योजनाओ के दावे कर रहा है। आने वाले दिनों में किन योजनाओ पर काम हो रहा है?

डीडीए ने बीते तीन सालों मे काफी काम किया है। हम G20 का आयोजन कर चुके हैं। इस आयोजन से मिले अनुभव से सबक लेते हुए अब दिल्ली में कमर्शल सेंटर, लग्जरी रिटेल स्पेस, कार्पोरेट ऑफिस, होटल, वर्ल्ड क्लास अस्पताल और मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम कॉम्प्लेक्स बन रहे हैं। डीडीए द्वारका मे गोल्फ सूक के लिए करीब 4 हेक्टेयर जगह, रोहिणी मे दो कॉरपोरेट ऑफिस, द्वारका और नेहरू प्लेस मे वर्ल्ड क्लास होटल, द्वारका मे अस्पताल, रोहिणी और नरेला मे दो ओलिंपिक स्तर के स्टेडियम कॉम्प्लेक्स बना रहा है।

Q भारत ने तो 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए आधिकारिक तौर पर आवेदन कर दिया है। इसके लिए दिल्ली में क्या तैयारी हो रही है?

जैसा मैंने बताया कि रोहिणी और नरेला मे डीडीए दो ओलिंपिक स्तर के मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम कॉम्प्लेक्स बन रहे है। यह दोनो पूरी तरह टाइम बाउंड होंगे। यानी तय वक्त पर इन प्रोजेक्ट का काम पूरा किया जाएगा। रोहिणी में यह 20.25 हेक्टेयर और नरेला में 20.23 हेक्टेयर मे यह बनेंगे। यह एक तरह की स्पोर्ट्स टाउनशिप होगी। दिल्ली में अभी जितने भी डीडीए के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स है करीब 20 से 25 साल पुराने है। दोनो मे एजेंसियो ने काफी दिलचस्पी दिखाई है। इस टाउनशिप मे न सिर्फ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होगा, बल्कि स्टेडियम, होटल, अस्पताल, खिलाड़ियो के लिए हॉस्टल, एक मिनी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स होगा। यह इस तरह से होगा कि खिलाड़ियों को यहां से बाहर जाने की जरूरत नहीं रहेगी और सारी सुविधाएं एक ही जगह पर उपलब्ध होंगी।

Q लेकिन डीडीए ये काम कैसे करेगा?

लंबे विचार-विमर्श के बाद डीडीए ने कुछ नीतियों मे बदलाव किया है। पहले डीडीए नीलामी के जरिए जमीन बेच रहा था, लेकिन अब डीडीए लीज पर जमीन दे रहा है ताकि प्राइवेट लोग आएं, वहां कॉम्प्लेक्स बनाएं, चलाएं और लीज खत्म होने के बाद वापस डीडीए को सौंप दें। पहले अफसर आशंका जता रहे थे कि शायद प्राइवेट कंपनियां न आएं, लेकिन अब पता चला है कि स्पोर्ट्स टाउनशिप के लिए ही 8 बड़ी कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है।

Q रिवरफ्रंट प्रोजेक्ट पर डीडीए ने काफी काम किया है। अब 11वां प्रोजेक्ट भी इसमें जुड़ा है। यह किस तरह का होगा?

असिता ईस्ट, बांसेरा, यमुना वाटिका, मयूर विहार, वासुदेव घाट जैसे प्रोजेक्ट पर काम हो चुका है। लोग इसे काफी पसंद कर रहे हैं। बाकी के बचे प्रोजेक्ट, भी समय पर चल रहे है और डीडीए इन्हें समय पर पूरा करेगा। इसमें 11 प्रोजेक्ट मिलेनियम डिपो में हमें जो जगह मिली है, वहां तैयार किया जा रहा है। यहां 990 मीटर लंबी और 240 मीटर चौड़ी जगह है। यहां पर काफी खूबसूरत रिवरफ्रंट बनाने की प्लानिंग है। एनजीटी की तरफ से यहां कुछ अड़चनें थी, जो अब साफ हो गई हैं। यह एक ऐसा रिवरफ्रंट होगा, जहां आने बाद लोग छह से आठ घंटे यहां बिता सकेंगे। वहां मनोरंजन से लेकर खानपान के अलावा बुनियादी सुविधाएं भी होंगी। यहां पर बड़े आयोजन भी हो सकेंगे। यह यमुना किनारे बन रहा 11वां प्रोजेक्ट होगा।

Photos : Sanjeev Rastogi

Q डीडीए तो लंबे वक्त से रेवेन्यू लॉस में चल रही थी। अब इसके रेवेन्यू की क्या स्थिति है?

डीडीए बीते कुछ सालों से निष्क्रिय सी हो गई थी। उन सब कामों में सुधार किए गए हैं। डीडीए ने 2024-25 में 8658 फ्लैट्स बेचने में सफलता पाई है। डीडीए ने अपनी पॉलिसी में सुधार किए हैं। पहले कई तरह की ऐसी बंदिशे थी, जिनका कोई मतलब नही था। मसलन, पहले 67 स्क्वायर मीटर या इससे अधिक के फ्लैट दिल्ली में होने पर व्यक्ति डीडीए का फ्लैट नहीं ले सकता था। हमने इस शर्त को खत्म किया। पहले डीडीए के प्रोजेक्ट्स पूरे ही नहीं होते थे, अब हम उन्हें समय से पहले पूरा कर रहे है। डीडीए पहले ड्रॉ के जरिए फ्लैट्स देता था, जिसमे लोगो की इच्छाएं पूरी नहीं हो पाती थी। अब लोग पहले आओ पहले पाओ के तहत उन्हें अपने पसंद के फ्लैट्स को बुक करवाने के ऑप्शन दे रहा है। एनडीएमसी का दिल्ली में थोड़ा सा हिस्सा है लेकिन उसकी रेटेड इनकम 960 करोड़ है। वहीं डीडीए के पास बाकी पूरा एरिया है, लेकिन उसकी रेटेड इनकम महज 150 करोड़ है, जबकि यह एक हजार करोड़ कम से कम होनी चाहिए। अब इसे बढ़ाने की दिशा मे काम हो रहा है।

असिता ईस्ट, बांसेरा, यमुना वाटिका, मयूर विहार, वासुदेव घाट जैसे प्रोजेक्ट पर काम हो चुका है। बचे प्रोजेक्ट भी डीडीए समय पर पूरा करेगा।

DDA ने 2024-25 में 8658 फ्लैट्स बेचे। डीडीए ने अपनी पॉलिसी में सुधार किए हैं। पहले कई तरह की ऐसी बंदिशें थीं, जिनका कोई मतलब नहीं था।

Q अब डीडीए के फ्लैट्स बिकने की क्या स्थिति है? अभी कितने फ्लैट्स खाली पड़े हैं ?

जैसा मैंने बताया पॉलिसी में बदलाव किए गए। दूसरी एक समस्या यह थी कि पहले बुकिंग अमाउंट 2000 रुपये या 5000 रुपये का था। इस पर लोग एक साल के लिए लिए फ्लैट बुक करवा सकते थे। ऐसे मे एक लॉबी सक्रिय हो गई थी। यह लोग डीडीए के फ्लैट्स बुक करवा लेते थे। एक साल के लिए फ्लैट पड़ा रहता था और बाद मे उसे रिजेक्ट कर देते थे। ये लोग इसकी आड़ मे अपने फ्लैट्स बेच रहे थे। अब डीडीए ने रजिस्ट्रेशन अमाउंट 5000 रुपये किया है। इसके अलावा फ्लैट बुक करवाने के लिए आपको 10 प्रतिशत पैसा पहले जमा करवाना होगा। इससे वही लोग फ्लैट के लिए अप्लाई कर रहे है, जिन्हें वाकई फ्लैट्स चाहिए। डीडीए अब लोगो को फ्लैट की पूरी फाइल बनाकर दे रहा है। पहले एक पर्ची दी जाती थी जो गुम हो जाती थी और लोग पजेशन के लिए भटकते रहते थे। यानी एक प्रोफेशनल की तरह काम किया जा रहा है।

Q कमर्शल और इंस्टिट्यूशनल जमीनों को लेकर भी नीति में कोई बदलाव किए गए है?

दिल्ली मे कई बड़े प्रोजेक्ट अब डीडीए ने लीज पर करने शुरू किए है। पहले यह कमर्शल प्रोजेक्ट के लिए डीडीए जगह का ऑक्शन करता था। करीब आठ ऐसे प्रोजेक्ट के लिए डीडीए जमीन लीज पर दे रहा है। इससे डीडीए को लंबे समय तक रेवेन्यू मिलेगा। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अस्पताल, होटल आदि के लिए जगह लीज पर दी जा रही है। इसे लोग काफी पसंद भी कर रहे है। गोल्ड सूक के लिए 8 एजेंसियो, रोहिणी के दो कार्पोरेट ऑफिस के लिए चार और पांच एजेंसियो, अस्पताल के लिए 15 एजेंसियो की ईओआई आई है।

Q टीओडी पॉलिसी पर कड़कड़डूमा में काफी समय से काम चल रहा है। इसका क्या स्टेटस है?

टीओडी पॉलिसी काफी एडवांस स्टेज पर है। कड़कड़डूमा मे ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स की जगह स्टूडियो अपार्टमेंट बन रहे है। प्रॉपर्टी डिवेलप हो चुकी है। उम्मीद है कि बहुत जल्दी इसका ऑक्शन हो जाएगा। इसके लिए अप्रोच रोड बनने वाला है। बड़े टावर पर भी काम तेजी से चल रहा है। ऑफिस स्पेस भी रेडी है। पहले इसका रिस्पॉन्स देख ले फिर दो तीन और पर काम शुरू करेंगे।

Q डीडीए नए हाउसिंग प्रोजेक्ट पर कब काम करेगा?

डीडीए का हाउसिंग प्रोजेक्ट में काफी पैसा फंसा हुआ था। फ्लैट्स बिक नही रहे थे। इसलिए हमने तय किया कि जब तक यह फ्लैट्स नही बिकेंगे नए प्रोजेक्ट्स नहीं बनेंगे। इसलिए डीडीए अभी पूरा फोकस अपने फ्लैट्स को बेचने पर कर रहा है। इन फ्लैट्स की मेंटिनेंस कॉस्ट पर भी डीडीए को काफी पैसा हर साल खर्च करना पड़ रहा था। अभी करीब तीस हजार के करीब ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स बचे है। इन्हें भी जल्द क्लियर कर लिया जाएगा।

Q डीडीए ने हाल ही में द्वारका के एक पार्क में एंट्री फीस लगा दी। क्या और जगह भी पार्कों में ऐसी फीस लगाई जाएगी? वैसे इस फीस को लगाने की क्यों जरूरत पड़ गई ?

हर पार्क में ऐसी फीस नहीं लगेगी। ये फीस सिर्फ उन बड़े पार्कों में ही लगाएंगे, जहां डीडीए ने काफी पैसा निवेश किया है। ये मामूली फीस लगाने से लोगों को इस मायने में फायदा है कि अब ऐसे पार्क और सुरक्षित है। पार्क में कौन एंट्री कर रहा है, इसकी जांच होती है। वहां कैमरे भी लगे है। वहां गदगी भी नहीं होती। यही नहीं, जब इस पार्क के लिए एंट्री फीस लगाई गई तो उसका विरोध करने वालों की संख्या मामूली थी, लेकिन पार्क में जाने वालों की संख्या कई गुना अधिक थी।

Q दिल्ली मे नई सरकार आ गई है? कुछ फर्क दिख रहा है?

नई सरकार अच्छा काम कर रही है। सभी मोर्चों पर एक्टिव है। मुझे उम्मीद है कि वे दिल्ली की समस्याओ को हल करने की दिशा मे आगे इसी तरह काम करती रहेगी। मैंने तो पिछली सरकार को भी कहा था कि काम होना चाहिए। खुद अरविंद केजरीवाल को सुझाव दिए थे कि यमुना के लिए काम करें। लेकिन वो नहीं हो सका। दरअसल, यमुना मे गिरने वाले सीवरेज को ट्रीट करना जरूरी है। लेकिन ये काम हुआ ही नहीं। इसी तरह अगर हम सड़के ठीक कर दे, फुटपाथ बना दे तो एयर पॉल्यूशन अपने आप ही कम हो जाएगा।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS--- नई दिल्ली, 5 अप्रैल, 2025 दैनिक जागरण DATED----------------------

स्मृति वन व अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क में प्रवेश के लिए लगा शुल्क

जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली: दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के यमुनापार स्थित स्मृति वन और अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क में बुधवार से प्रवेश शुल्क लगना शुरू हो गया। पार्क में प्रवेश करने के लिए वरिष्ठ नागरिक 10 रुपये, सामान्य 20 रुपये और विदेशी नागरिकों को 100 रुपये प्रवेश शुल्क देना होगा। लोगों की सुविधा के लिए मासिक पास की भी व्यवस्था की गई है। मासिक पास के लिए वरिष्ठ नागरिकों को 100 रुपये और सामान्य लोगों को 200 रुपये देना होगा। पार्क में विद्यार्थियों और 13 साल तक के बच्चों का प्रवेश निशुल्क है। विद्यार्थियों को पार्क में प्रवेश से पहले गार्ड को परिचय पत्र दिखाना होगा। दोनों पार्क सुबह पांच बजे से शाम सात बजे तक खुले है।

- वरिष्ठ नागरिक 10 रुपये, सामान्य 20 रुपये और विदेशी के लिए 100 रुपये शुल्क
- मासिक पास के वरिष्ठ नागरिकों को 100 रुपये और सामान्य लोगों को 200 रुपये देने होंगे

मयूर विहार फेज तीन के स्मृति वन पार्क गेट पर टिकट लेता युवक • जागरण

डीडीए के उद्यान विभाग के उप निदेशक पंकज गुनावत ने बताया कि 27 फरवरी को मयूर विहार फेज-तीन स्थित 'स्मृति वन पार्क' और सात मार्च को यमुनापार स्थित कामनवेल्थ गेम्स विलेज के पास 'अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क' का उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उद्घाटन कर जनता को सौंप दिया था। दोनों पार्कों में हरियाली बढ़ाने के साथ कई तरह की सुविधाएं लाई जा रही हैं। लोग पार्क में सुबह-शाम टहलने के साथ छुट्टी में स्वजन के साथ यादगार पल बिता रहे है।

हरियाली के बीच कच्चे रास्ते पर सुबह-शाम की सैर

डीडीए ने अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क मे हरियाली के बीच चलने और जागिंग के लिए कच्चे रास्ते बनाए है, जहा अब लोग सुबह-शाम की सैर कर रहे है। पार्क मे फलदार पौधों सहित विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे लगाए गए हैं। छह जलाशय बनाए गए है, जहा विभिन्न प्रकार के पक्षी आ रहे हैं। डीडीए ने कहा कि अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित विषय पर है। पार्क में कच्चे पैदल पथ हैं, जिसमें 'प्रथम स्वतंत्रता संग्राम', 'संथाल विद्रोह', 'चंपारण सत्याग्रह', 'दांडी मार्च' और 'आजाद हिंद फौज' को दर्शाया गया है।

खुले मंच सहित बोटिंग की मिलेगी सुविधा: डीडीए ने बताया कि स्मृति वन को 'प्रियजनों की याद में एक पेड़ लगाओ' की थीम पर बनाया गया था और इस तरह घने पेड़ों से घिरा हरित क्षेत्र बन चुका है। यह 58 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। हरित क्षेत्र में 10 एकड़ में एक बड़ा जलाशय भी है। यहां पर जल्द लोगों के लिए बोटिंग की सुविधा शुरू होगी। इसके साथ ही पार्क में झील के पास खुला मंच बनाया जा रहा है, जहां लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम कर सकेंगे। खुले मंच का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जल्द काम पूरा होने के बाद लोगों के लिए खोला जाएगा।

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली, शनिवार, 5 अप्रैल 2025

प्रोजेक्ट अपडेट | मेट्रो फेज चार के बचे तीन कॉरिडोर पर निर्माण के लिए भारत सरकार और जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी के बीच 4,309 करोड़ का समझौता

रिठाला से कुंडली मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण कार्य पकड़ेगा रफ्तार

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली मेट्रो फेज चार के तीन बचे कॉरिडोर (इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ, साकेत जी ब्लॉक-लाजपत नगर और रिठाला-नरेला-कुंडली) के निर्माण की प्रक्रिया अब तेज होगी।

तीनों कॉरिडोर के लिए जरूरी वित्तीय जरूरत को लेकर भारत सरकार ने जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जीका) के साथ ऋण समझौता पूरा कर लिया है। अब निविदा प्रक्रिया शुरू होगी। दिल्ली सरकार ने भी मेट्रो परियोजनाओं के लिए इस बार बजट में तीन हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

मेट्रो फेज चार में कुल छह कॉरिडोर का निर्माण होना है, जिसकी लंबाई 110 किलोमीटर से अधिक है। अब तक सिर्फ 65.15 किलोमीटर लंबे तीन कॉरिडोर पर ही काम शुरू हो पाया है। बाकी बचे तीन कॉरिडोर को मंजूरी मिल चुकी थी, लेकिन वित्तीय समझौता नहीं होने के कारण निविदा प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी थी। फेज चार के बचे हुए तीन कॉरिडोर के लिए कुल 14 हजार 600 करोड़ की जरूरत है, जिसमें 6,252 करोड़ रुपये जीका देगा। बाकी बची रकम दिल्ली और केंद्र सरकार उपलब्ध कराएगी। जीका ने अब 4,309 करोड़ लोन को लेकर मंजूरी दे दी है।

110
किलोमीटर से अधिक है छह कॉरिडोर की लंबाई, सिर्फ तीन कॉरिडोर पर काम शुरू

फेज चार के बचे तीन कॉरिडोर के बनने से दिल्ली मेट्रो कनेक्टिविटी से बचे हुए कई इलाके सीधे मेट्रो से जुड़ जाएंगे। इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर के बनने से पुरानी दिल्ली के कई इलाके मेट्रो से जुड़ेंगे। इसी तरह दक्षिणी दिल्ली के साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर के चलते कई कॉलोनियों जैसे साकेत ई, एच ब्लॉक, महरौली बदरपुर रोड से आसपास की कॉलोनी और लाजपत नगर सी ब्लॉक के इलाके मेट्रो से जुड़ जाएंगे। इसके अलावा रिठाला नरेला से कुंडली कॉरिडोर जो कि सबसे लंबा है उससे बाहरी दिल्ली के कई इलाके, नरेला इंडस्ट्रियल एरिया, डीडीए की बसाई कई कॉलोनी के अलावा हरियाणा के कुंडली से आवाजाही आसान होगी।

तीन कॉरिडोर का 65 फीसदी काम पूरा

दिल्ली में वर्तमान में फेज चार के तीन प्राथमिकता वाले कॉरिडोर तुगलकाबाद से एयरोसिटी, जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम और मौजपुर से मजलिस पार्क पर ही काम चल रहा है। यहां 65 फीसदी काम पूरा हो चुका है। मेट्रो की माने तो इस साल मौजपुर से मजलिस पार्क के 12 किलोमीटर कॉरिडोर पर परिचालन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

मेट्रो कॉरिडोर	लंबाई	स्टेशन
इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ	12.37	10
लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक	8.38	8
रिठाला से कुंडली	24.46	21

मेट्रो के हर फेज में जीका ने दिया लोन

मेट्रो फेज	जीका	केंद्र व दिल्ली सरकार
पहला	6,356	4,535
दूसरा	10,231	11,428
तीसरा	19,656	28,909
फेज चार	12,-931	12,017

- 03 कॉरिडोर का निर्माण कार्य होना है
- 45.21 किलोमीटर लंबाई
- 14,600 करोड़ रुपये लागत आएगी
- 6252.91 करोड़ जीका से लोन लेंगे
- 4309.53 करोड़ लोन समझौता हुआ

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS--------- SUNDAY TIMES OF INDIA, NEW DELHI APRIL 6, 2025 TED---------------------

MCD and DJB blamed for poor waste management

TIMES NEWS NETWORK

New Delhi: The district magistrate (South) has named Delhi Jal Board and Municipal Corporation of Delhi for the lack of coordination in the allotment of land to set up a waste disposal and management plant in Sangam Vihar.

The report was filed by the administration while apprising National Green Tribunal regarding issues pertaining to solid waste management and lack of hygiene in the area.

The reply came after NGT took suo motu cognizance of a May 2024 **TOI** report, 'A Sangam of Filth and Apathy: This Wasteland Actually Exists in Delhi', highlighting apathy and negligence in Sangam Vihar. The report highlighted issues, among others, such as slow sewer work, poor condition of internal roads and lack of garbage vans.

YOU READ IT HERE

A Sangam of Filth And Apathy: This Wasteland Actually Exists In Capital

Focal Point Of Latest LG-CM Tussle, South Delhi Locality Reels Under Muck & Lack Of Basics

Mar 07 2024

TIMES Special

The tribunal asked the district magistrate to facilitate the identification and allocation of a suitable land for setting up solid waste processing and disposal facilities. However, neither MCD nor DJB approached DM's office for the allocation of land.

Ward nos. 168, 169 and 170 fall in the jurisdiction of South East district, which is now impleaded as respondent no. 6. Based on the above facts, the report is being submitted before this court for kind consideration, stated a reply from the sub-divisional magistrate, Saket. "The undersigned respectfully assures that the orders/directions passed by this court shall be timely complied with," it added. The reply, however, was a repetition of an earlier reply made by the SDM in Aug 2024.

Last year, in Aug 2024, MCD, in a reply to NGT, stated that Sangam Vihar generated about 35-40MTD of solid waste while there was no dhalao or secondary collection point in two of its wards due to space crunch. MCD then stated that the space to set up a fixed compactor transfer station was sought from Delhi Development Authority, however, it received no response.

Prior to this, Delhi Pollution Control Committee inspected the area in Aug 2024 to find sewer overflow, broken internal streets and street drains overflowing and choked with municipal solid waste.

In Dec 2024, MCD submitted that it had sought details from DJB on the steps being taken for sewage management in the area, but no response was received.

The tribunal asked the DM-South to identify a land suitable for setting up such a plant, to which the DM-South, through the SDM Saket, replied on April 1, 2025.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-- हिन्दुस्तान नई दिल्ली, 6 अप्रैल, 2025 D--

झुग्गियों के स्थान पर 26 हजार फ्लैट बनाएगा डीडीए

अच्छी खबर

■ राहुल मानव

नई दिल्ली। राजधानी की 19 झुग्गी क्लस्टर में रहने वाले नागरिकों को पक्के मकान की सुविधा प्रदान करने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने कार्य शुरू कर दिया है। अगले पांच महीने में पांच झुग्गी क्लस्टर में लगभग दस हजार फ्लैटों का निर्माण कार्य डीडीए शुरू कर रहा है।

इन फ्लैटों के निर्माण कार्य शुरू होने के बाद एक से डेढ़ वर्ष में झुग्गी निवासियों को पक्के मकान सौंपने की डीडीए ने तैयारी की है। इस संबंध में कार्य प्रणाली को मूल रूप देने के लिए एक निजी एजेंसी को प्राधिकरण ने जिम्मेदारी सौंपी है। इसे लेकर डीडीए अधिकारियों की एजेंसी के साथ बैठकों का दौर भी जारी है।

डीडीए के अधिकारियों ने बताया कि जहां झुग्गी वहीं मकान योजना के तहत दिल्ली की कुल 19 झुग्गी क्लस्टर में 26 हजार से अधिक फ्लैटों का निर्माण करेंगे। यह सभी दो कमरों के ईडब्ल्यूएस श्रेणी के फ्लैट होंगे। इससे दो लाख लोगों को पक्के मकान मिलेंगे। इसमें लोगों को विभिन्न सुविधाएं देने के लिए बुनियादी ढांचे का आंकलन भी किया है। 26 हजार फ्लैटों का निर्माण कार्य विभिन्न चरणों में पूरा करेंगे।

कई टावर बनेंगे, मनोरंजन स्थल भी होगा

अधिकारियों ने बताया कि झुग्गी बस्तियों में निर्मित होने वाले प्रत्येक फ्लैट में दो कमरे, एक रसोईघर, एक बाथरूम, एक शौचालय और एक बालकनी शामिल है। कई टावर बनाएं जाएंगे, जिसमें लोगों के लिए एक खुला मनोरंजन स्थान भी विकसित करेंगे। फ्लैटों के परिसर एक संपूर्ण सोसाइटी के ढांचे में तैयार होगा। इसमें सामुदायिक हॉल, दुकानें, आंगनवाड़ी कक्षाएं, डॉक्टर क्लिनिक और बच्चों के डेकेयर सेंटर जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। बेसमेंट में सैकड़ों वाहनों की पार्किंग भी होगी। साथ ही सीवर ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाया जाएगा।

इन झुग्गी क्षेत्र में बनेंगे पक्के मकान

स्थान	झुग्गी क्लस्टर	फ्लैट बनेंगे
डिस्ट्रिक्ट सेंटर, दिलशाद गार्डन	तीन	3367
शालीमार बाग, पीतमपुरा	दो	1167
सूरज पार्क-खड्डा बस्ती रोहिणी सेक्टर-18	दो	2566
बादली गांव, रोहिणी सेक्टर-19	एक	984
रोहिणी एक्सटेंशन 20, पूठ कलां	एक	504
आयुर्वेद अस्पताल के पास, हैदरपुर	एक	1800
मजदूर कल्याण कैंप,		
ओखला औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 व 2	दो	670
इंदिरा कल्याण विहार,		
ओखला औद्योगिक क्षेत्र फेज -1	तीन	3500
औद्योगिक क्षेत्र, कीर्ति नगर	दो	1057
कालकाजी-नवजीवन कैंप,		
जवाहरलाल नेहरू कैंप	दो	5437

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS--- दैनिक जागरण नई दिल्ली, 6 अप्रैल, 2025 ATED---

गीता कालोनी की अब बदलेगी सूरत, हटेगा अतिक्रमण, अस्पताल के सामने बनेगी सड़क

विधायक डा. अनिल गोयल ने डीएम व अन्य अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली : गीता कालोनी इलाके की सूरत जल्द बदलने की उम्मीद जग गई है। चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय के सामने वाले राजा राम कोहली मार्ग का नए सिरे से निर्माण कराया जाएगा। उसके पास से रानी गार्डन होते हुए जा रहे नाले को साफ कराकर उसके दोनों ओर चार फीट की दीवार बनवाई जाएगी। साईं मेमोरियल चौक का सुंदरीकरण भी किया जाएगा। कई अन्य समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

रानी गार्डन इलाके का दौरा करते विधायक डा. अनिल गोयल, डीएम अमोल श्रीवास्तव और शाहदरा दक्षिणी जोन के चेयरमैन संदीप कपूर •सौजन्य-विधायक कार्यालय

कृष्णा नगर के विधायक डा. अनिल गोयल ने पूर्वी जिले के डीएम अमोल श्रीवास्तव, नगर निगम के शाहदरा दक्षिणी जोन के चेयरमैन संदीप कपूर के साथ डीडीए, नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को लेकर गीता कालोनी क्षेत्र का निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों की ओर से बताई गई समस्याओं के समाधान के लिए वे अधिकारियों को साथ लेकर पहुंचे। दिल्ली-सहारनपुर हाईवे से चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय के सामने होते हुए गीता कालोनी थाने तक राजा राम कोहली मार्ग खस्ताहाल मिला। मौके पर ही विमर्श के बाद तय हुआ कि इस मार्ग को नए सिरे से बनाया जाए। पीडब्ल्यूडी तीन से चार सप्ताह में इस मार्ग को बनाने के लिए एस्टीमेट तैयार कर टेंडर करेगा। अस्पताल से सटे स्कूल के पास नाला है, वह गंदा मिला। पीडब्ल्यूडी को उसे साफ कराकर दोनों ओर रानी गार्डन तक दीवार बनवाने का निर्देश दिया गया। रामलीला मैदान के पास हनुमान मंदिर के सामने सुंदरीकरण कराने का भी निर्देश दिया है। विधायक ने बताया कि अवैध पार्किंग भी हटवाई गई है। इस निरीक्षण के दौरान कृष्णा नगर मंडल के अध्यक्ष राजेश चड्ढा, जगतपुरी मंडल के अध्यक्ष रवि चौधरी, अनारकली मंडल के अध्यक्ष अनिल अरोड़ा, गीता कालोनी के महामंत्री राजेश साहनी व आरडब्ल्यूए के लोग मौजूद रहे।

हरित क्षेत्र की निगरानी में लगेंगे सेवानिवृत्त कर्मचारी

संजीव गुप्ता • जागरण

- एक साल के अनुबंध पर की जाएंगी नियुक्तियां, बाद में दिया जाएगा सेवा विस्तार
- हरित क्षेत्र की निगरानी करने के साथ वहां पर इवेंट करवाने का भी रहेगा दायित्व

नई दिल्ली: अपने हरित क्षेत्रों की निगरानी के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) अब सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों की सेवाएं लेगा। पार्क प्रबंधक के रूप में नियुक्त किए जाने वाले इन कर्मचारियों को हरित क्षेत्र की निगरानी करने के साथ-साथ वहां छोटे बड़े इवेंट भी आयोजित करवाने होंगे।

डीडीए ने हाल ही में राजधानी में कई हरित क्षेत्र तैयार किए हैं। मसलन, असिता ईस्ट, बांसेरा, यमुना वाटिका, द्वारका पार्क इत्यादि। इन्हीं की निगरानी के लिए बतौर पार्क मैनेजर सेवानिवृत्त कर्मचारियों की नियुक्ति होगी। इन्हें अनुबंध के आधार पर एक साल के लिए रखा जाएगा, लेकिन बाद में इनकी उम्र के हिसाब से इन्हें पांच साल के लिए सेवा विस्तार भी दिया जा सकता है। डीडीए के अनुसार पार्क मैनेजर के तौर पर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स, डिफेंस के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की तैनाती होगी।

डीडीए ने हाल ही में बनाए हरित क्षेत्रों यमुना वाटिका भी शामिल है • जागरण आर्काइव

ऐसे कर्मचारी जो नायब सूबेदार, कैप्टन या इसके बराबर की पोस्ट से सेवानिवृत्त हुए हैं, पार्क प्रबंधक के लिए आवेदन कर सकते हैं। पार्क प्रबंधक को वहां की देखरेख करने के साथ ही वहां होने वाले इवेंटों का प्रबंधन भी संभालना होगा। इसके लिए हर माह उन्हें 50 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। अधिकतम 63 साल के सेवानिवृत्त कर्मचारी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों के पास कंप्यूटर का बेसिक नालेज होना चाहिए। जिन कर्मचारियों के खिलाफ विजिलेंस केस, विभागीय जांच या कोई जांच चल रही है, वह इसके लिए योग्य नहीं होंगे।

ऐसे कर्मचारी, जो किसी राजनीतिक दल से जुड़े होंगे उनके आवेदन भी स्वीकार नहीं किए जाएंगे। बड़े पार्क के लिए दो प्रबंधक रखे जाएंगे। यह आठ आठ घंटे की शिफ्ट में काम करेंगे। डीडीए के अनुसार डीडीए इस समय अपनी हरित क्षेत्र में कई तरह के आयोजन करता है। ऐसे में वहां की व्यवस्था बनी रहे, इसीलिए इनकी नियुक्ति की जा रही है। हाल ही में डीडीए फ्लावर शो और काइट शो के आयोजन किए हैं। डीडीए इसी माह में एक मैराथन करवाने की भी कोशिश कर रहा है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---------- दैनिक जागरण नई दिल्ली, 6 अप्रैल, 2025 ------DATED----------

दो साल में सुधार नजर आने लगेगा, छह साल में स्लम सिटी से कैपिटल सिटी बन जाएगी दिल्ली

सप्ताह का साक्षात्कार

दिल्ली वैसे तो देश की राजधानी है, लेकिन यहां के हालात झुग्गी बस्ती जैसे हैं। भीड़भाड़, यातायात जाम, टूटी सड़कें, धूल, प्रदूषण, लचर सार्वजनिक परिवहन... यही कुछ है यहां की पहचान। हालांकि, दिल्ली के अभिभावक और डीडीए के अध्यक्ष के रूप में उपराज्यपाल वीके सक्सेना हालात सुधारने के लिए प्रयासरत रहे हैं और उनके प्रयासों से कुछ सुधार भी दिखता है, लेकिन अब भी बहुत कुछ होना शेष है। दिल्ली को वह किस रूप में देखना चाहते हैं और यहां के हालात बदलने के लिए उनकी क्या योजनाएं हैं, इन बिंदुओं पर दैनिक जागरण के प्रमुख संवाददाता संजीव गुप्ता ने एलजी वीके सक्सेना से विस्तृत बातचीत की। प्रस्तुत हैं इस बातचीत के प्रमुख अंश...

• तकरीबन तीन साल के अति व्यस्त कार्यकाल से आप कितना संतुष्ट हैं? दिल्ली के विकास से जुड़े ऐसे कौन से कार्य हैं, जिन्हें नहीं कर पाने का मलाल है?

- तीन साल पहले जब दिल्ली की बागडोर संभाली, तो मन में बहुत कुछ करने की इच्छा थी। हालांकि, चुनौतियां भी कम नहीं थीं। ये कहने में कोई संकोच नहीं कि केजरीवाल सरकार का सहयोग न मिलने से कई प्रोजेक्ट बीच में ही छोड़ने पड़े। डीडीए की सहायता से जितना संभव हो सका, उतना कर पाए। सबसे बड़ी चुनौती तो डीडीए की भूमि से अतिक्रमण हटाना ही रही। फिर भी हमने यमुना बाढ़ क्षेत्र से बहुत हद तक अतिक्रमण हटाने में कामयाबी पाई। डीडीए घाटे में चल रहा था, नए फ्लैट बनाते थे, जबकि करीब 50 हजार पुराने फ्लैट बिक नहीं रहे थे। दिल्ली के नियोजित विकास से वह भटक गया था। दिल्ली की तरक्की की राह बाधित थी। निजी कंपनियों के बड़े-बड़े कार्यालय एनसीआर में खुले, जबकि वे दिल्ली में खुलने चाहिए थे। होना यह चाहिए था कि एनसीआर में रहने वाले लोग काम करने के लिए दिल्ली आते, लेकिन इसके विपरीत लोग दिल्ली में रहते हुए यहां से काम करने के लिए एनसीआर के शहरों में जाते हैं। दिल्ली को विकास की राह पर ले जाने के लिए डीडीए को बड़ी भूमिका निभानी चाहिए थी, इसे देखते हुए डीडीए के कामकाज में कई सुधार किए गए और अब उसके अच्छे परिणाम नजर आ रहे हैं।

• डीडीए ने दिल्ली के नियोजित विकास में अपनी उचित भूमिका नहीं निभाई। लोगों ने डीडीए के फ्लैट भी खरीदना बंद कर दिया था। आपने डीडीए की कार्यप्रणाली में क्या बदलाव किए?

- देखिए, पहले डीडीए जमीन का आवंटन करता था या नीलामी करता था, लेकिन अब जमीन लीज पर दी जा रही है, ताकि आय भी बढ़े और जमीन का मालिकाना हक भी डीडीए के पास रहे। पहले बिल्डर दो हजार रुपये में डीडीए के फ्लैट बुक करके साल भर के लिए छोड़ देते थे और बाद में फ्लैट नहीं खरीदते थे। अब इसमें बदलाव कर पांच हजार रुपये में रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है और फ्लैट के मूल्य का दस प्रतिशत बुकिंग के समय लिया जा रहा है। इससे वास्तविक खरीदार बुकिंग करा रहे हैं और फ्लैट तेजी से बिक रहे हैं। पहले दो फ्लैटों को मिलाया नहीं जा सकता था, अब इसकी अनुमति दे दी गई। पहले लाटरी से फ्लैट निकलता था, अब खरीदार अपनी पसंद से फ्लैट बुक कर सकते हैं। पहले दिल्ली में एक निश्चित क्षेत्रफल की संपत्ति होने पर खरीदार को दूसरा फ्लैट लेने की अनुमति नहीं थी, इस नियम को भी खत्म किया गया। इन प्रयासों से डीडीए के फ्लैट तेजी से बिक रहे हैं। डीडीए ने साढ़े आठ हजार से अधिक फ्लैट बेचकर करीब साढ़े चार हजार करोड़ रुपये की कमाई की है। पिछले दो वर्षों में डीडीए की आय घाटे से निकलकर सरप्लस में आ गई है।

• अब दिल्ली के विकास को लेकर क्या कर रहे हैं? मुख्यमंत्री से इस पर कितनी बार मुलाकात हुई है?

- कई योजनाओं पर काम चल रहा है। सिर्फ फ्लैट बनाने तक ही नहीं, डीडीए तमाम प्रोजेक्टों पर काम कर रहा है। कड़कड़डूमा में एक प्रोजेक्ट तैयार हो रहा है, जहां कार्यालय और आवास साथ-साथ होंगे। डीडीए गोल्फ कोर्स, अस्पताल, खेल परिसर, कारपोरेट कार्यालय, होटल इत्यादि तमाम प्रोजेक्टों के लिए लीज पर जमीन दे रहा है और बड़ी-बड़ी कंपनियां इन्हें विकसित करने के लिए प्रस्ताव भेज रही हैं। रोहिणी और नरेला में विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बनाए जाएंगे। डीडीए बड़े होटलों के लिए भी भूमि दे रहा है। नरेला में एजुकेशन हब विकसित किया जा रहा है। सीएम से भी दिल्ली के विकास पर लगातार बात होती है। उनका विजन बिल्कुल स्पष्ट है। दो साल में ही सुधार नजर आने लगेगा, आप देखेंगे कि छह साल में दिल्ली स्लम सिटी से कैपिटल सिटी में बदल जाएगी।

• आपने दिल्ली को तीन साल में ड्रग्स फ्री करने की बात कही है। क्या दिल्ली को वाकई तीन साल में ड्रग्स फ्री किया जा सकेगा?

- बिल्कुल किया जा सकेगा। इस दिशा में एक माह लंबा विशेष अभियान भी चलाया था। उस दौरान ड्रग्स की तस्करी व प्रयोग को रोकने को जो कदम उठाए गए, वे सभी लगातार जारी हैं और मुझे उम्मीद है कि इसी तरह यह कार्य चलता रहा तो तीन वर्ष में दिल्ली ड्रग्स फ्री हो जाएगी।

• दिल्ली को बांग्लादेशियों से मुक्ति दिलाने की मुहिम कहां तक पहुंची, इससे आप कितने संतुष्ट हैं?

- इस दिशा में लक्ष्यबद्ध तरीके से काम चल रहा है। मेरे पास नियमित रिपोर्ट आती है। हम ऐसे लोगों को न केवल चिह्नित कर रहे हैं, बल्कि उन्हें दिल्ली से हटाने पर भी काम कर रहे हैं। साथ ही उनके दस्तावेज बनाने वालों तक भी पुलिस पहुंच रही है और उनपर कार्रवाई की जा रही है।

• दिल्ली के गांव और अनियोजित कालोनियां विकास से दूर हैं, इसके लिए क्या किया जा रहा है?

- देखिए, पीएम उदय योजना जो 2019 से मृत पड़ी थी, उसने गति पकड़ ली है। इससे न केवल दिल्ली की 1,700 से अधिक अनधिकृत कालोनियों के निवासियों को मालिकाना हक मिलेगा, बल्कि पहली बार ऐसी कालोनियों में योजनाबद्ध विकास गतिविधियां भी होंगी, जहां दिल्ली की लगभग 40 प्रतिशत आबादी रहती है। गांवों के विकास पर भी तेजी से काम चल रहा है। 958 करोड़ रुपये के विकास कार्य होने हैं।

• आपने कहा था कि मिलेनियम डिपो की जमीन पर साबरमती की तर्ज पर रिवरफ्रंट बनेगा। अब कहा जा रहा है कि यह रिवरफ्रंट दिल्ली में यमुना के पूरे 22 किमी के हिस्से पर बनेगा। इसके पीछे क्या सोच है?

- देखिए, दिल्ली में यमुना का जल स्तर घटता बढ़ता रहता है, इसलिए साबरमती की तर्ज पर दिल्ली में एक ही जगह रिवरफ्रंट बनाना व्यावहारिक नहीं होगा। बल्कि बात है कि दिल्ली में यमुना के पूरे 22 किमी लंबे भाग (स्ट्रेच) को अलग-अलग हिस्सों में रिवरफ्रंट के तौर पर विकसित किया जाए। चिन्हित किये गये जमीन पर भी तेजी से काम चल रहा है।

• सीएम ने हमारे साथ बातचीत में कहा कि दिल्ली की स्थिति शून्य से शुरुआत करने जैसी है। आप क्या कहते हैं इस पर?

- सीएम का कहना बिल्कुल सही है। शून्य नहीं, बल्कि दो शून्य जैसे हालात बने हैं। राज्य सरकार से जुड़े किसी भी क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों के दौरान कुछ हुआ ही नहीं है। अब नई सरकार ने सभी क्षेत्रों में काम शुरू कर दिया है। समय लगेगा लेकिन बदलाव होगा।

दिल्ली आडिट टीम ने दिल्ली परिवहन निगम को 13-1 से हराया

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: इशान के शानदार आठ गोल की बदौलत दिल्ली आडिट ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) को 13-1 से करारी शिकस्त देकर डीएसए संस्थागत लीग में अपनी पहली जीत दर्ज की है। ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स मैदान पर खेले गए इस एकतरफा मुकाबले में इशान ने दोहरी हैट्रिक सहित कुल आठ गोल दागे, जो अब तक किसी एक मैच में सर्वाधिक गोल है।

दिल्ली आडिट के लिए ओबेद ने भी हैट्रिक पूरी की, जबकि नितीश और विक्रम ने एक-एक गोल कर टीम की जीत को और भी प्रभावशाली बना दिया। डीटीसी की ओर से एकमात्र गोल गौरव ने किया। दिन के पहले मुकाबले में उत्तर रेलवे ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को 2-0 से हराकर लगातार तीसरी जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी दावेदारी मजबूत की। उत्तर रेलवे से दोनों गोल पुनीत पाल सिंह ने किए। ग्रुप 'ए' से डीडीए और डीटीसी पहले ही अंतिम चार की दौड़ से बाहर हो चुके हैं, जबकि एफसीआई उत्तर क्षेत्र, एफसीआई हेडक्वार्टर और उत्तर रेलवे सेमीफाइनल की रेस में आगे चल रहे हैं। डीडीए ने अपनी एकमात्र जीत डीटीसी के खिलाफ दर्ज की थी। दिल्ली आडिट की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद अब एफसीआई के मुकाबले के नतीजे पर टिकी है।

ऐतिहासिक जीत के बाद दिल्ली आडिट की टीम • सौ. आयोजक

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---------- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI MONDAY, APRIL 7, 2025 -DATED-----------------------

Final notification of Southern Ridge to be done in three phases, NGT told

Priyangi.Agarwal
@timesofindia.com

New Delhi: The Delhi forest and wildlife department has told National Green Tribunal that it will conduct the final notification of the Southern Ridge, spread over around 6,200 hectares, under the Indian Forest Act, 1927, in three phases.

The first phase encompasses roughly 3,300 hectares, for which a file has been recently submitted to Delhi govt for final notification. This portion comprises forest land without encroachment or any pending litigation. Under phase II, the department plans to notify areas where there is encroachment. The remaining parts of the Southern Ridge will be notified under phase III.

For a forest area to be given legal protection, it should be notified under Sections 4 and 20 of the Indian Forest Act, 1927. Though the ridge areas were notified under Section 4 in 1994, the final notification under Section 20 of the Indian Forest Act was not done.

In a new report dated April 5, the forest department said: "A modified draft Phase I notification under Section 20 of the Indian Forest Act for 3,287.07 hectares in the Southern Ridge Reserve forest has been again submitted through the proper channel for kind approval of Delhi govt on April 3, 2025."

The report added that the first draft notification for nearly 3,630 hectares was first submitted in Feb 2021. Of these, 96 hectares in Chhatarpur and Rangpuri were approved for final notification, and the final notifications for these two villages were issued after approval in Jan 2022.

"In respect of the (remaining) 3,527 hectares, the draft notification was again submitted to the law department for vetting," the report said. It added that the file was returned with objections in 2023, as certain villages were declared urban villages by DDA whose comments were still awaited.

The report said urbanisation does not change the status of land designated as reserved forest. It has now decided to omit those villages for the time being and initiate the process of notifying the remaining 3,287 hectares.

The Southern Ridge is the most extensive, spread over 6,200 hectares of land.

File photo

PROTECTING GREENS: The first phase will cover 3,300 hectares

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS Hindustan Times
NEW DELHI
MONDAY
APRIL 07, 2025

Final notification of southern Ridge in the works, NGT told

Jasjeev Gandhiok
letters@hindustantimes.com

Long-pending move underway

WHY IS NOTIFICATION IMPORTANT?

The final notification of forest land under the Indian Forest Act, 1927 formally declares it to be "reserved", ensuring its legal protection and management and defining its boundaries

STEPS TAKEN TO NOTIFY RIDGE

- In 1994, Delhi's Ridge was notified under section 4 of the Indian Forest Act
- After notification under section 4, a forest settlement officer (FSO) is appointed to settle land disputes and ensure transfer of land to the forest department. The department in 2019 said encroachments and pending litigation claims led to several delays
- The file to notify part of the southern Ridge has been sent to the Delhi government. Once it is ratified, the final notification under section 20 of the Indian Forest Act, 1927 can be done

NEW DELHI: Delhi's forest and wildlife department has informed the National Green Tribunal (NGT) that it will carry out the final notification of the southern Ridge under the Indian Forest Act, 1927 — a long-pending move that declares a land as a protected forest and defines its total area.

According to an affidavit by the department dated April 5, the notification of the 6,200-hectare green space will take place in three phases, with the first phase consisting of 3,287.07 hectares of land that is both free of any encroachment and also has no pending or ongoing litigation cases.

"A modified draft Phase-1 notification under section 20 of the Indian Forest Act for 3,287.07 hectares in the Southern Ridge Reserve forest has been again submitted for through the proper channel for kind approval of the Government of NCT of Delhi on April 3, 2025," the submission stated.

Officials said the file for phase one has been submitted to the Delhi government. Earlier, in February 2021, the department had submitted a draft notification for nearly 3,630 hectares of the southern Ridge, but the final file submitted on April 3 removed certain patches from this phase.

"That in respect of the (remaining) 3,527 hectares, the draft notification was again submitted to the law department for vetting," the submission said, stating the file was returned with objections in 2023, as certain villages under the southern ridge were declared as urban villages by the DDA, whose comments are still awaited. It has now chosen to omit those villages for the time being, notifying the remaining 3,287 hectares," the submission said.

The department will notify around 1,500 hectares of land — parts of which are tied up in litigation — under phase two, while the remaining land will be notified in phase three, the April 5 submission stated.

The submission was part of an NGT hearing based on a plea filed by Delhi resident Sonya Ghosh in 2015, seeking protection of Delhi's ridge areas.

In her petition, Ghosh had said large parts of Delhi's southern ridge were encroached, leading to the NGT issuing directions in 2017 for removal of encroachments.

The Ridge in Delhi, spread over an area of 7,800 hectares, is an extension of the Aravallis and it is divided into four distinct zones —the northern Ridge (87 hectares), the central Ridge (864 hectares), the south-central ridge (626 hectares), and the southern Ridge (6,200 hectares). Additionally, the Nanakpura south central ridge is spread over an area of seven hectares.

Bhavreen Kandhari, an environmental activist said until the total area of the Ridge is defined, it cannot be protected against encroachments.

"Even now, the Ridge is not fully protected, and while the southern Ridge has been demarcated, the other Ridge areas in Delhi are yet to be demarcated. This leaves forest land vulnerable and can be damaged or encroached upon," she said.

To be sure, Delhi's Ridge areas have already been notified under section 4 of the Indian Forest Act in 1994, but the final notification — which is done under section 20 of the Act and grants complete protection and defines its boundaries — is yet to be completed. The forest department since 2019 has earlier said the delays were due to encroachments and pending claims over forest land.

Last month, the forest department had informed NGT it cannot carry out the final notification of Delhi's central, northern and south central Ridges as the demarcation for these forest areas is still pending.

Citing multiplicity of agencies in these Ridge areas — parts come under the Delhi Development Authority (DDA), land and development office (L&DO) and the Municipal Corporation of Delhi (MCD) — the department stated that it has written to the revenue department to carry out a joint inspection and subsequent demarcation, which can pave way for notification and protection of these areas.

"A substantial portion of the ridge are under management of different management/land owning agencies like the DDA, L&DO, CPWD, MCD and others. Apart from the southern ridge, other ridges i.e south central ridge, northern, Nanakpura and central ridge are yet to be demarcated. The department has written a letter to the revenue department and other agencies for a joint demarcation on the ground..." the department had said in an affidavit dated March 18.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS--- हिन्दुस्तान ------- नई दिल्ली सोमवार 7 अप्रैल 2025 ED-----------

सरकारी स्कूलों के बाहर गंदगी देखकर हाईकोर्ट नाराज, नोटिस जारी

अदालत से

- दिल्ली सरकार, निगम, डीडीए और लोक निर्माण विभाग से जवाब मांगा
- उत्तर-पूर्वी दिल्ली की श्रीराम कॉलोनी में हैं स्कूल

■ हेमलता कौशिक

नई दिल्ली। राजधानी के दो स्कूलों के बाहर टूटी और जलभराव वाली सड़क को देखकर दिल्ली उच्च न्यायालय भी हैरान है। हाईकोर्ट ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दो सरकारी स्कूलों के सामने 801 मीटर लंबी टूटी और जलभराव वाली सड़क को लेकर दायर जनहित याचिका पर संज्ञान लिया है।

कोर्ट ने छात्रों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को नोटिस जारी किया है।

मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने बुधवार को जनहित याचिका पर प्रतिवादी राज्य सरकार, एमसीडी, डीडीए समेत अन्य को 20 मई तक जवाब देने का निर्देश दिया है। पीठ ने कहा कि याचिका के मुताबिक, इन दो स्कूलों में हजारों की संख्या में छात्र पढ़ते हैं। जिन्हें रोजाना स्कूल आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में गैर सरकारी संगठन सोशल ज्यूरिस्ट ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की है।

याचिका में कहा गया है कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली की श्रीराम कॉलोनी में एक सीनियर सेकेंडरी स्कूल और दिल्ली नगर निगम का स्कूल एक ही सड़क पर है। दोनों स्कूलों के सामने की सड़क बेहद खराब स्थिति में है। याचिकाकर्ता संगठन ने जनहित याचिका के साथ स्कूलों के सामने की बदहाल सड़क की तस्वीरें भी संलग्न की हैं, जिससे वहां के हालात का पता चल रहा है। बच्चे टूटी सड़क पर भरे गंदे पानी के बीच से गुजरने को मजबूर हैं।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली की श्रीराम कॉलोनी में स्थित सरकारी स्कूल के बाहर जलभराव की तस्वीरें हाईकोर्ट में पेश की गईं। ● हिंदुस्तान

हिन्दुस्तान

झुग्गियों में अपराध रोकेंगी समितियां

■ रमेश त्रिपाठी

नई दिल्ली। राजधानी में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। एक तरफ फरार बदमाशों की धरपकड़ की जा रही है, तो दूसरी ओर झुग्गी बस्तियों में छिपे बदमाशों की पहचान की जा रही है। कुख्यात अपराधी बड़ी वारदातों के बाद झुग्गी बस्तियों में छिप जाते थे। इन्हें पकड़ने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ती थी। इससे निपटने के लिए पुलिस 'जेजे क्लस्टर समितियां' गठित कर रही है।

पुलिस की इस पहल का मकसद झुग्गियों में सक्रिय अपराधियों पर नजर रखना और वहां बाहर से आए संदिग्धों की पहचान करना है। झुग्गी बस्तियों के निवासियों को अपराध की ओर जाने से रोकने का काम भी समितियां करेंगी।

इस तरह काम करेंगी

'जेजे क्लस्टर समितियों' के नेतृत्व का काम स्थानीय पुलिस अधिकारियों के हाथों में होगा। इसमें स्थानीय प्रभावशाली लोगों को भी शामिल किया जाएगा। एडिशनल एसएचओ समिति के अध्यक्ष होंगे। जबकि इलाके के डिवीजन अफसर संरक्षक के रूप में काम करेंगे। बीट अफसर, यातायात पुलिस अधिकारी, गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, स्थानीय प्रधान, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, शिक्षक और छोटे व्यवसायी इस समिति के सदस्य होंगे। प्रत्येक जेजे क्लस्टर समिति में गैर-सरकारी सदस्यों की संख्या 12 से अधिक नहीं रखी जाएगी।

शुरुआत में पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रत्येक जिले में दो झुग्गी क्लस्टरों को चुना जाएगा। तीन महीने की समीक्षा के बाद अन्य स्थानों पर भी इसी मॉडल को लागू करने की योजना है। समिति जरूरत के अनुसार एमसीडी, डीडीए, दिल्ली जल बोर्ड जैसी अन्य एजेंसियों को भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में जोड़ सकती है।

पुलिस की आंख और कान बनेगी : यह समिति पुलिस की आंख और कान बनकर काम करेगी। खासतौर पर संगठित अपराध, अवैध शराब और ड्रग्स की तस्करी जैसे मामलों में लिप्त लोगों की पुलिस को तत्काल जानकारी मुहैया कराएगी। बाहर से आकर झुग्गी बस्ती में शरण लेने वाले संदिग्धों की गतिविधि की भी जानकारी पुलिस को देगी। दरअसल, झुग्गी बस्तियों में अपराध रोकना एक बड़ी चुनौती है। इसलिए यहां पर इन समितियों का गठन किया गया है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------------- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 7 अप्रैल 2025 -DATED-----------------------

सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट: कोर्ट के आदेश पर भी नहीं मिल रहा रेंट

Signature View

File Photo

लोगों का आरोप, चार महीने बाद भी डीडीए से किराया मिलना शुरू नहीं हुआ है, न ही डीडीए कोई जानकारी दे रहा है

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मुखर्जी नगर के सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के लोगों में अब गुस्सा बढ़ रहा है। कोर्ट के आदेश के चार महीने बाद भी उन्हे डीडीए से किराया मिलना शुरू नहीं हुआ है, न ही डीडीए इस पर साफ तौर पर कोई जानकारी उन्हें दे रहा है। ऐसे में बीते गुरुवार को जन-सुनवाई के दिन सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के करीब 150 लोग आईएनए स्थित डीडीए ऑफिस पहुंचे। जन-सुनवाई के दौरान बिना किसी औपचारिकता के डीडीए ऑफिस में एंट्री मिल जाती है। लोगों के अनुसार उनका मकसद अधिकारियों से मिलकर अपने सवालों के जवाब लेना था। सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट को अनसेफ घोषित करने के बाद अब डीडीए इसे खाली करवाकर दोबारा बनाने की प्रक्रिया में है। लोग जब डीडीए कार्यालय पहुंचे तो गार्ड ने उन्हें एंट्री से रोक दिया। इसकी वजह से लोगों और डीडीए कर्मियों में झड़प हुई।

> जन-सुनवाई के दिन डीडीए ऑफिस में एंट्री नही मिलने पर झड़प भी हुई थी

2022 में आईआईटी दिल्ली ने इस अपार्टमेंट को अनफिट घोषित किया था और जनवरी 2023 में एलजी ने इसे खाली करवाकर दोबारा बनाने के आदेश डीडीए को दिए थे। लोगों के अनुसार महीनों तक इंतजार करने के बाद भी डीडीए इस मामले में तेजी नहीं ला रहा है। अपार्टमेंट के कई लोग अपने फ्लैट्स को खाली कर चुके हैं, लेकिन डीडीए उन्हें किराया भी नहीं दे रहा है। वहीं कुछ रेजिडेंट्स अब भी बिल्डिंग में रह रहे हैं।

सिग्नेचर व्यू आरडब्ल्यूए के अनुसार रेजिडेंट्स डीडीए को बता चुके हैं कि वह फ्लैट्स खाली करने को तैयार हैं, लेकिन डीडीए की तरफ से उन्हें कोई जवाब नहीं मिल रहा है। कई मेल डीडीए को किए गए, लेकिन किसी का जवाब नहीं मिल रहा है। ऐसे में गुरुवार को मुखर्जी नगर स्थित सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट में पहले लोगों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद वह डीडीए के हेड ऑफिस विकास सदन की ओर बढ़ चले। लेकिन, यहां सुरक्षाकर्मियों ने उनका रास्ता रोक लिया। लोग डीडीए ऑफिस के परिसर में घुसे और वहां स्लोगन दिखाए। सुरक्षाकर्मियों के साथ उनकी झड़प हुई। लोगों ने वाइस चेयरमैन के ऑफिस को भी खोलने की कोशिश की। वाइस चेयरमैन ऑफिस में नहीं थे। आरडब्ल्यूए के जनरल सेक्रेटरी गौरव पांडे ने बताया कि डीडीए से चार महीनों से जवाब मांग रहे हैं, लेकिन डीडीए की तरफ से कोई जवाब नहीं मिल रहा है। कई लोग अपने फ्लैट्स खाली कर चुके हैं और अब उन्हें किराया भी देना पड़ रहा है।

सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट की श्वेता वर्मा ने बताया कि उन्होंने 2023 में ही फ्लैट खाली कर दिया था, अब वह 1.15 लाख रुपये का रेंट हर महीने भर रही हैं। डीडीए कब से रेंट देना शुरू करेगा, इसकी कोई जानकारी नहीं है। वहीं जो लोग अपार्टमेंट में रह रहे हैं, वह डरे सहमे रहते हैं।

शुरू के तीन साल में ही दिखीं थी खामियां

2.16 एकड़ में बना सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट 2007 में डीडीए ने लॉन्च हुआ था। बुकिंग के बाद लोगों को यहां पर फ्लैट के पजेशन 2012 में दिए गए। शुरू के तीन साल में ही यहां स्ट्रक्चरल खामियां दिखने लगी थीं और लोगों ने इसके मुद्दे उठाने शुरू कर दिए थे। इस कॉम्प्लेक्स में 12 टावर हैं। इनमें 336 फ्लैट्स एचआईजी और एमआईजी के हैं। 150 के करीब लोग फ्लैट्स खाली कर चुके हैं और रेंट पर किसी अन्य जगह रहने चले गए हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS----------- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 7 अप्रैल 2025 ------DATED---------------------

2024 में यमुना के 1,459 एकड़ क्षेत्र से हटाया अतिक्रमण: DDA रिपोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

PTI

नवरात्र के आखिरी दिन रविवार को पूजा के बाद यमुना में डाली गई पूजन सामग्री

डीडीए ने साल 2024 में यमुना फ्लड प्लेन से करीब 1459 एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाया है। यह करीब 590 हेक्टेयर एरिया है।

डीडीए की लिस्ट के अनुसार, इस अतिक्रमण में 27 बड़े अतिक्रमण भी शामिल हैं। जिसमे झुग्गियां, मंदिर, गुरुद्वारा, मस्जिद, गोशाला, अखाड़ा और वर्कशॉप भी शामिल थीं। इनमें से कुछ बड़े निर्माण जैसे लद्दाख बुद्ध विहार मॉनेस्ट्री मार्केट, अरुण नगर, निगम बोध घाट के आसपास और डीएनडी फ्लाईवे के पास हिंडन सरोवर मेन हैं। कुछ सरकारी निर्माण भी इसमें शमिल थे जिसमें बोट क्लब ऑफिस, दिल्ली जल बोर्ड का पंप हाउस, एमसीडी टॉयलेट, डीयूएसआईबी का शेल्टर होम और गैस एजेंसी की बिल्डिंग मुख्य रही। डीडीए ने यह पूरी जानकारी एनजीटी में सबमिट की है। इस लिस्ट में 32 बड़े प्लॉट भी शामिल हैं जिनका एरिया करीब 1.3 लाख स्क्वायर मीटर है। इसी तरह एग्रीकल्चर और झुग्गी से भी 10 लाख स्क्वायर मीटर का एरिया खाली करवाया गया है। एनजीटी में यमुना बाढ़ क्षेत्र पर अतिक्रमण को लेकर कई मामलों पर सुनवाई चल रही है। इन्हीं मामलों पर एनजीटी ने डीडीए से रिपोर्ट सबमिट करने को कहा था। एनजीटी ने 6 फरवरी को 2019 के आदेश के बाद यमुना बाढ़ क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की धीमी कार्रवाई पर डीडीए पर सख्त रूख अपनाया था। इसके बाद डीडीए ने सख्ती से एक्शन करते हुए कई निर्माण ढहाए हैं जिसमें धार्मिक निर्माण, पक्के घर, अखाड़े, खेती, झुग्गी, गोशाला, पार्किंग स्पेस के साथ रिक्शा चार्जिंग स्टेशन भी शामिल है। डीडीए ने इस रिपोर्ट में यह भी बताया कि अब भी अतिक्रमण के कुछ मामले कोर्ट में पेंडिंग है इसलिए उन पर तुरंत एक्शन संभव नहीं है।

> अतिक्रमण को लेकर एनजीटी ने डीडीए से रिपोर्ट सबमिट करने को कहा था

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

millenniumpost
NAME OF NEWSPAPERS---- NEW DELHI | SATURDAY, 5 APRIL, 2025

Police arrests four sharp shooters of Prince Teotia gang

PRAJYOT DEOGHARE

NEW DELHI: The Delhi Police has arrested four sharp shooters of infamous gang Prince Teotia Gang for a gang war running in the area.

The accused were identified as Rakesh alias Raka (30), a resident of Dakshinpuri, Delhi, Hunny Rawat alias Badi Ankh (28), a resident Sangam Vihar, Delhi, Dilshad alias Golu (24) and Rishu Prasad alias Monu (25), both residents of Jahangirpuri, Delhi.

According to the police, the arrested individuals, all hardened criminals, were caught with a cache of firearms and a vehicle on BRT Road, Madangir, following a well-coordinated operation on the night of April 3-4.

The accused have been identified as Rakesh alias Raka, a listed "Bad Character" (BC) of PS Ambedkar Nagar; Hunny Rawat alias Badi; Rishu Prasad alias Monu; and Dilshad alias Golu. Police recovered three pistols with magazines containing six live cartridges, one country-made pistol with two live cartridges, and a car from their possession.

A case under an FIR dated April 4, under Section 25 of the Arms Act has been registered at the Ambedkar Nagar Police Station.

This arrest is a part of an ongoing drive initiated by the PHQ, Delhi, targeting gangsters and organised crime syndicates operating within South District.

The operation was led by Inspector Girish Chandra, in charge of Special Staff, under the supervision of ACP Operations Abhinendera Jain.

A team of officers, acting on specific intelligence about the movement of gang members on BRT Road, laid a trap near DDA Flats, Madangir. Around 10 pm, a suspicious vehicle was intercepted, and all four occupants were arrested after a swift and strategic operation.

Interrogation revealed Rakesh, out on bail after an attempted murder conviction, planned revenge on a rival gang.

He regrouped with associates Hunny Rawat, Rishu Prasad and Dilshad. All have serious criminal histories. Their arrest averted a violent clash in Ambedkar and Malviya Nagar. Police said the Special Staff team would be suitably rewarded for their efforts.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE
NAME OF NEWSPAPERS---

Pioneer
NEW DELHI | SATURDAY | APRIL 5, 2025

Nod for dedicated road corridor along Sahibi River

PIONEER NEWS SERVICE ■ New Delhi

In a significant step towards improving road infrastructure and easing traffic congestion in the national capital, the BJP ruled Delhi government on Friday approved the construction of a dedicated road corridor along both sides of the Sahibi River, from South West Delhi's Dhansa to Basai Darapur in West Delhi.

Additionally, in line with Prime Minister Narendra Modi's vision of a modern and decongested Delhi, four major roads previously under PWD have now been officially handed over to NHAI for better management, expansion and maintenance.

According to a government Press release, key decisions taken in the high-level committee meeting which is also the first meeting of the UT-Level Coordination Committee, chaired by PWD Minister Parvesh Sahib Singh, several crucial decisions were made to eliminate traffic bottlenecks, improve inter-agency coordination, and expedite key road projects. To reduce traffic congestion and provide an alternative route, a dedicated road corridor will be developed along both sides of the Sahibi River, from Dhansa to Basai Darapur. This will offer seamless connectivity and ease vehicular movement in key areas of the city. To ensure smooth traffic flow, the police station near Dhaula Kuan Metro Station will be relocated to create a dedicated slip road from NH-48 towards Naraina. This move will eliminate a major traffic bottleneck in the area.

Besides to enhance road quality, streamline traffic movement, and improve maintenance efficiency, four major roads in Delhi have been officially handed over to NHAI which are Delhi-Rohtak Road (NH-10): Peeragarhi to Tikri Border (13.2 km); Delhi-Rohtak Road (NH-10): Peeragarhi to Zakhira (6.8 km); NH-2 (Mathura Road): Ali Village to Ring Road, Ashram Junction (7.5 km); NH-148A (MG Road) 8 km stretch PWD Minister Pravesh Sahib Singh said under the dynamic leadership of Prime Minister Narendra Modi, the government is committed to transforming Delhi's road infrastructure into a world-class, seamless, and future-ready network.



Sahibi river enters the national capital near Dhansa PIONEER PHOTO

The Sahibi River corridor will be a game-changer for the city, offering an alternative traffic route and significantly reducing congestion. Additionally, the transfer of key roads to NHAI will ensure faster expansion, better maintenance, and a more efficient commuting experience for Delhiites.

Our government is working relentlessly to make Delhi a modern, well-connected, and congestion-free city, with infrastructure that meets global standards, the Minister said. The committee will hold regular meetings to monitor progress, fast-track approvals, and ensure swift execution of these critical infrastructure projects. The decisions taken in this meeting mark a significant milestone in achieving the government's goal of a well-connected, congestion-free, and modern Delhi, said the statement. The high level committee members include PWD Minister, Additional Chief Secretary (ACS) or Principal Secretary of the PWD, Divisional Commissioner-cum-ACS or Principal Secretary (Revenue), ACS or Principal Secretary (Environment and Forest), ACS or Principal Secretary or Secretary (Power), Delhi Jal Board (DJB) CEO, Delhi Development Authority DDA Commissioner (Planning), Regional Officer, National Highway Authority of India and Engineering in Chief, PWD.

"The committee will hold regular meetings to monitor progress, fast-track approvals, and ensure swift execution of these critical infrastructure projects. The decisions taken in this meeting mark a significant milestone in achieving the government's goal of a well-connected, congestion-free, and modern Delhi," read the statement.

Elevated road to cost ₹500 crore

PIONEER NEWS SERVICE ■ New Delhi

In a major boost for thousands of residents in Sonia Vihar, north-east Delhi, the Delhi government has announced the construction of a 5.5-kilometre elevated road on the Sonia Vihar Pusta Road. The project will cost ₹500 crore. The first capital project of the newly formed BJP government in the city is aimed at easing traffic congestion and improving connectivity in the trans-Yamuna area. The elevated road will stretch from Nanak Sar Gurudwara to Shani Mandir (UP border), offering relief to thousands of daily commuters and will offer a respite from the traffic snarl.

Announcing the project, Delhi's Public Works Department (PWD) Minister, Parvesh Verma said this project has received approval from the Chief Minister Rekha Gupta. There has been a demand for widening the Sonia Vihar Pushta Road for the last several years.

The announcement came after PWD Minister Verma, along with Delhi's Water Minister and Tourism and Culture Minister Kapil Mishra, inspected the area, including Nanaksar Gurudwara Chowk in Wazirabad, to review ongoing improvements and assess the project's feasibility. Mishra is also the local MLA from the area.

The stretch, currently under the jurisdiction of the Flood Department, will be transferred to the PWD, which will prepare the Detailed Project Report (DPR) and commence work at the earliest possible time. The PWD is expediting all necessary procedures to commence work at the earliest. "The local MLA and Minister Kapil Mishra has been pushing for this project. Due to the presence of many trees in the area, we have decided to construct a flyover instead of a conventional road. After discussions with the chief minister, the project has been approved, and work will commence following deliberations with the Flood Department," Verma said. "After talks with the Chief Minister, we've secured approval, and work will begin once we've consulted the Flood Department."

Development Minister Kapil Mishra and PWD Minister Parvesh Verma during a site visit in Sonia Vihar on Friday PIONEER PHOTO

The elevated road will span from Nanaksar Gurudwara to Shani Mandir near the Uttar Pradesh border, promising relief for the countless commuters who battle gridlock daily. The route, a vital link between Sonia Vihar, Ghaziabad's Loni, and parts of Delhi and UP, is notorious for its bottlenecks. A single carriageway cutting through densely populated unauthorised colonies and slums, the Sonia Vihar Pushta Road has long been a headache for drivers. Verma unveiled the plans after inspecting the area alongside Delhi's Water Minister and Tourism and Culture Minister, Kapil Mishra, who also serves as the MLA for Karawal Nagar, which includes Sonia Vihar. The pair visited Nanaksar Gurudwara Chowk in Wazirabad to assess ongoing upgrades and the project's viability. Mishra hailed the development as a triumph for the region. "The BJP government is moving at a cracking pace, and this project proves it," he said. "This road has been a massive problem for trans-Yamuna residents, and today, we've sorted it. Hundreds of thousands rely on this route every day."

The Sonia Vihar Pushta Road has grown into a key artery for those travelling from Sonia Vihar and Ghaziabad's Loni Tronica City to Baghpat Baraut, as well as for locals heading to other parts of Delhi. With the population of Sonia Vihar Colony—stretching across Pushtas one to five—booming in recent years, the need for better infrastructure has become urgent. Once completed, the flyover is expected to transform life for commuters in one of Delhi's most gridlocked corners, marking a significant win for the area's long-suffering residents.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-------- पंजाब केसरी DELHI 5 अप्रैल, 2025 ▸ शनिवार

दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मिला बड़ा बूस्ट

पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई समन्वय समिति की पहली बैठक

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत दिल्ली को विश्व स्तरीय सड़क नेटवर्क से जोड़ने और यातायात को सुगम बनाने की दिशा में शुक्रवार को एक बड़ा निर्णय लिया गया। इसके तहत लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की चार प्रमुख सड़कों को आधिकारिक रूप से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को सौंपा गया जिससे इनके विस्तार और रखरखाव में तेजी आएगी। साथ ही साहिबी नदी के दोनों किनारों पर ढांसा से बसई दारापुर तक एक डेडीकेटिड सड़क कॉरिडोर किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई यूटी-स्तरीय समन्वय समिति की पहली बैठक में ये महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इनके तहत दिल्ली में यातायात संबंधी अवरोधों को दूर करने, विभिन्न एजेंसियों के ओवरलैप को रोकने और प्रमुख सड़क परियोजनाओं को गति देने के लिए साहिबी नदी के दोनों किनारों पर ढांसा से बसई दारापुर तक दोनों तरफ एक समर्पित सड़क कॉरिडोर विकसित किया जाएगा।

यह नई सड़कें राजधानी में ट्रैफिक का बोझ कम करेंगी और वैकल्पिक मार्ग के रूप में काम करेंगी। इसके अलावा धौला कुआं मेट्रो स्टेशन के पास स्थित पुलिस स्टेशन को स्थानांतरित कर एनएच-48 से नारायणा के लिए एक समर्पित स्लिप रोड बनाई जाएगी। वहीं दिल्ली के रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करने और व्यवस्थित बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी की चार प्रमुख सड़कों को एचएचएआई को सौंप दिया गया है। इससे इन सड़कों के विस्तार, मेंटेनेंस और कनेक्टिविटी में सुधार आएगा। इस बैठक में बैठक में एसीएस /प्रिंसिपल सेक्रेटरी (पीडब्ल्यूडी), डिविजनल कमिश्नर-कम-एसीएस/प्रिंसिपल सेक्रेटरी (राजस्व), एमसीडी कमिश्नर, एसीएस/प्रिंसिपल सेक्रेटरी (वन एवं पर्यावरण), एसीएस/प्रिंसिपल सेक्रेटरी/सेक्रेटरी (पावर), दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ, (प्लानिंग), डीडीए, एनएचएआई, और पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर-इन-चीफ शामिल रहे।

पीएम के नेतृत्व में सरकार कर रही प्रतिबद्धता से काम: प्रवेश वर्मा

इस संबंध में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में दिल्ली को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे से सुसज्जित करने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

नई दिल्ली। शनिवार • 5 अप्रैल • 2025 | राष्ट्रीय सहारा

इशान के आठ गोल से दिल्ली ऑडिट की बड़ी जीत

नई दिल्ली (एसएनबी)। इशान के आठ गोलों की मदद से दिल्ली ऑडिट ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) को 13-1 से रौंदकर डीएसए संस्थानिक लीग में पहली जीत का स्वाद चखा। शुक्रवार को राजधानी स्थित ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में इशान ने दोहरी हैट्रिक सहित आठ गोल जमा कर किसी मैच में सर्वाधिक गोल दागने का सम्मान पाया। उनके अलावा ओबेद ने भी तिकड़ी बनाई और बाकी के दो गोल नितीश और विक्रम ने किए। पराजित टीम के लिए एकमात्र गोल गौरव ने दागा।

दिन के पहले मैच में उत्तर रेलवे ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को 2-0 से हराया और जीत की हैट्रिक पूरी करके सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी संभावना को मजबूत किया है। उत्तर रेलवे की जीत में दोनों गोल पुनीत पाल सिंह ने जमाए। ग्रुप 'ए' से डीडीए और डीटीसी पहले ही दौड़ से बाहर हो चुके हैं। ग्रुप 'ए' से भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) उत्तर क्षेत्र और एफसीआई हेड क्वार्टर के अलावा उत्तर रेलवे अंतिम चार की दौड़ में काफी आगे चल रहे हैं। डीडीए ने अपनी एकमात्र जीत डीटीसी के खिलाफ हासिल की थी। दिल्ली ऑडिट की उम्मीद एफसीआई की दोनों टीमों के बीच मुकाबले के नतीजे पर निर्भर है। फिलहाल, दोनों टीमें होड़ में बनी हुई हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---------- राष्ट्रीय सहारा ----------DATED 05/04/25

साहिबी नदी के दोनों किनारों पर बनेंगे नए सड़क कॉरिडोर : वर्मा

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली की भाजपा सरकार ने साहिबी नदी के दोनों किनारों पर ढांसा से वसई धरापुरी तक एक समर्पित सड़क कॉरिडोर विकसित करने की योजना को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही चार प्रमुख लोक निर्माण विभाग की सड़कों को अब आधिकारिक रूप से एनएचएआई को सौंप दिया गया है, इससे इनके विस्तार और रखरखाव में तेजी आएगी।

लोक निर्माण विभाग के मंत्री साहिब सिंह वर्मा के साथ शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मंत्री की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समन्वय समिति की पहली बैठक में दिल्ली में यातायात अवरोधों को दूर करने, विभिन्न एजेंसियों के ओवरलैप रोकने और प्रमुख सड़क परियोजनाओं को गति देने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पीडब्ल्यूडी, राजस्व, एमसीडी, पर्यावरण एवं वन, ऊर्जा, दिल्ली जल बोर्ड, प्लानिंग, डीडीए, एनएचएआई, दिल्ली के क्षेत्रीय अधिकारी और पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारी मौजूद थे।

amarujala.com

नई दिल्ली | शनिवार, 5 अप्रैल 2025

साहिबी नदी पर बनेगा कॉरिडोर एनएचएआई को सौंपी चार सड़कें

पीडब्ल्यूडी मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया फैसला

नई दिल्ली। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समिति की बैठक में साहिबी नदी पर धांसा से बसई दारापुर तक नया कॉरिडोर विकसित करने का निर्णय लिया गया है। यह कॉरिडोर यातायात के दबाव को कम करेगा और वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगा। इसके अलावा दिल्ली-रोहतक रोड एनएच-10 (पीरागढ़ी से टिकरी बॉर्डर 13.2 किमी), दिल्ली-रोहतक रोड एनएच-10 (पीरागढ़ी से जखीरा 6.8 किमी), एनएच-2 मथुरा रोड (आली गांव से रिंग रोड-आश्रम जंक्शन 7.5 किमी) व एनएच-148ए (एमजी रोड 8 किमी का खंड) रोड अब आधिकारिक तौर पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को सौंप दी गई हैं। इससे इन सड़कों के विस्तार और रखरखाव में तेजी आएगी। प्रवेश वर्मा ने बताया कि यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली को आधुनिक बुनियादी ढांचे से लैस करने की सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। साहिबी नदी कॉरिडोर दिल्ली की यातायात व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा, जबकि एनएचएआई को सड़कें सौंपने से इनके विकास को नई गति मिलेगी। बैठक में पीडब्ल्यूडी, राजस्व, एमसीडी, पर्यावरण एवं वन, बिजली विभाग, दिल्ली जल बोर्ड, डीडीए और एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। यह पहल दिल्ली को बेहतर कनेक्टिविटी और विश्वस्तरीय सड़क सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इधर, धौला कुआं मेट्रो स्टेशन के पास स्थित थाने को नारायणा में स्थानांतरित किया जाएगा। यहां स्लिप रोड बनेगी। ब्यूरो

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

amarujala.com

NAME OF NEWSPAPERS---- नई दिल्ली | शनिवार, 5 अप्रैल 2025 -DATED--------------------

यमुना की निगरानी करेगी टेरिटोरियल आर्मी

नदी की सुरक्षा करेंगे जवान, अतिक्रमण और कूड़ा न फेंकने के लिए लोगों को जागरूक करेंगे

आदित्य पाण्डेय

नई दिल्ली। दिल्ली में जीवनदायिनी यमुना को प्रदूषण और अतिक्रमण से बचाने के लिए सरकार ने इसके रिवर फ्रंट पर टेरिटोरियल आर्मी तैनात करने की योजना बनाई है। ये नदी के प्राकृतिक सौंदर्य की सुरक्षा करेगी और अनधिकृत खुदाई, अतिक्रमण और नदी में कूड़ा करकट न फेंकने के प्रति लोगों को जागरूक करेगी। इस पहल से यमुना को नया जीवन मिलने की उम्मीद है।

दिल्ली सरकार ने इसकी रूपरेखा तैयार कर ली है। दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि यमुना नदी भाजपा सरकार के एजेंडे का सबसे अहम विषय है। यमुना की सफाई, इसके प्राकृतिक स्वरूप की रक्षा, पवित्रता और इसे दर्शन योग्य बनाए रखना सरकार का मुख्य फोकस है। जल्द ही सीएम रेखा गुप्ता इस संबंध में रक्षा विभाग को पत्र लिखेंगी।

अगले कुछ महीने में यमुना में सुरक्षा गार्ड तैनात होंगे। अगले करीब तीन साल में दिल्ली में यमुना का एक खूबसूरत रिवर फ्रंट होगा, जिसके किनारे लोग शौक से घूमने आएंगे। उन्होंने कहा कि टेरिटोरियल आर्मी तैनात करने की योजना उन्हीं की है, जिसका उद्देश्य यमुना की सफाई के विषय में दिल्ली के लोगों में जागरूक करना है। लोगों के चालान काटना या सजा देना नहीं है। टेरिटोरियल आर्मी इस काम को बखूबी निभाएगी।

16 लेन का पथ प्रस्तावित : साबरमती मॉडल की तर्ज पर 16 लेन का पथ प्रस्तावित है, जिसमें 8 लेन सड़क, 4 लेन साइकिल ट्रैक और 4 लेन पार्किंग के लिए होंगी। यमुना पर रोप-वे और केबल-वे की योजना भी है, जिसके लिए डीडीए को संभावित स्थानों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है। यह मेट्रो स्टेशनों और बस स्टैंड के पास बनाया जाएगा, ताकि यातायात और प्रदूषण कम हो। हाइब्रिड नौकाएं चलाने की योजना है, जो बायो टायलेट और सुरक्षा सुविधाओं से लैस होंगी।

साबरमती रिवर फ्रंट के विशेषज्ञ देंगे सलाह : डीडीए के प्लान में साबरमती रिवर फ्रंट के विशेषज्ञ सलाह देंगे। जल शक्ति मंत्रालय और दिल्ली सरकार के साथ मिलकर इसे मिशन मोड में लागू करने की तैयारी है। यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से प्रेरित है, जिन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव में यमुना रिवर फ्रंट का वादा किया था। रिवर फ्रंट को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम और जल आधारित गतिविधियां होंगी।



सराय काले खां के पास इसी जगह बनेगा यमुना रिवर फ्रंट। प्रशान्त पाण्डेय

सराय काले खां के पास पहला रिवर फ्रंट होगा

पहला रिवर फ्रंट सराय काले खां के पास मिलेनियम बस डिपो क्षेत्र में 25 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। इसके अलावा पहले से खुले असिता ईस्ट और बंसेरा जैसे क्षेत्रों को और अधिक विकसित करना है। इसमें बिना कंक्रीट के वॉकिंग और साइक्लिंग ट्रैक, बोटिंग और वाटर स्पोर्ट्स की सुविधा, ओपन थियेटर, फूड कोर्ट, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, पब्लिक प्लाजा और व्यू पॉइंट्स शामिल होंगे। यमुना बाढ़ क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के लिए घास के मैदान, अधिक पौधे लगाने हैं। बंसेरा में 15,000 बांस के पौधे पहले ही लगे हैं। नया जलाशय बन रहा है और वेट्लैंड्स बढ़ाने की तैयारी है।

यमुना को पावनी बनाने के लिए डीडीए ने तैयार किया व्यापक मास्टर प्लान

डीडीए ने यमुना का आधुनिक रिवर फ्रंट विकसित करने के लिए एक व्यापक मास्टर प्लान बनाया है। दिल्ली में यमुना के 52 किलोमीटर क्षेत्र को ध्यान में रखकर इसे तैयार किया गया है, जिसमें अभी विशेष रूप से वजीराबाद से ओंखला तक के 22 किलोमीटर के हिस्से पर फोकस है। गुजरात के साबरमती रिवर फ्रंट और लखनऊ के गोमती रिवर फ्रंट से प्रेरणा लेते हुए इसे तैयार किया जा रहा है। मास्टर प्लान के तहत दिल्ली में यमुना में गिरने वाले 22 नालों के पानी को 100 फीसदी ट्रीट करने की योजना है। इसमें सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) को अपग्रेड करना, नए प्लांट्स स्थापित करना है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- पंजाब केसरी DELHI 6 अप्रैल, 2025 ▶ रविवार

कृष्णा नगर क्षेत्र से हटेगा अतिक्रमण ट्रैफिक जाम की समस्या होगी खत्म

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): कृष्णा नगर के विधायक डॉ. अनिल गोयल ने शनिवार को अधिकारियों के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जिला अधिकारी, एसडीएम, दिल्ली पुलिस, पीडब्ल्यूडी, जलबोर्ड व डीडीए के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने गीता कॉलोनी नाले, राजाराम कोहली मार्ग का पुनर्निर्माण, रेनोवेशन, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण जैसी समस्याओं का जायजा लिया और अधिकारियों को तुरंत इन समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया। डॉ. गोयल ने अधिकारियों के साथ इलाके में ट्रैफिक जाम की समस्याओं पर भी चर्चा की और वनवे ट्रैफिक के लिए प्लान बनाने पर विचार किया। उन्होंने कहा कि कृष्णा नगर को एक विकसित कृष्णा नगर बनाना है, यहां किसी भी प्रकार की कोई गंदगी या अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कृष्णा नगर की जनता को भरोसा दिलाया कि वे लगातार इस तरह के अभियान चलते रहेंगे जिससे लोगों को समस्याओं से जल्द निजात मिले। उन्होंने कहा कि आज के निरीक्षण में साईं मेमोरियल चौक का सौंदर्यकरण करने की बात सामने आई हैं, इसके अलावा अपने क्षेत्र में टूटी हुई सड़कों का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा। इस मौके पर डॉ. गोयल के साथ निगम पार्षद संदीप कपूर व कृष्णा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश चड्ढा ,जगतपुरी अध्यक्ष रवि चौधरी ,अनारकली अध्यक्ष अनिल अरोरा सहित कृष्णा नगर के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ के साथ आरडब्ल्यूए के लोग भी मौजूद रहे।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-पंजाब केसरी DELHI 6 अप्रैल, 2025 ▸ रविवार

संगम विहार के हर घर में नल से पहुंचेगा जलः चंदन चौधरी

दक्षिण जिले में स्थित संगम विहार शहर की सबसे घनी आबादी वाली अनधिकृत बस्तियों में से एक है। जहां गर्मी शुरू होते ही पानी के लिए जद्दोजहद शुरू हो जाती है। हर साल यहां आलम यह होता है कि टैंकर में दर्जनों पाइप डालकर पानी निकालने, बाल्टी व ड्रम की लंबी कतारों की तस्वीरें अखबारों की सुर्खियां बटोरती हैं। लोगों की माने तो यहां आज भी नल से पानी नहीं आता, इस इलाके के लोग टैंकरों के भरोसे अपना जीवनयापन करने को मजबूर हैं। आरोप यह भी है कि टैंकर माफियाओं का यहां इस कदर दादागीरी है कि सरकारी पानी की आपूर्ति लोगों के घरों तक पहुंचाने के लिए भी पैसे वसूले जाते हैं। सरकारी बोरवेल हैं, लेकिन केवल 30 से 40 मिनट तक ही पानी देता है। यहां भी पानी माफियाओं का कब्जा दिखाई पड़ता है। यही नहीं समस्याएं और भी हैं, तंग गलियों तक पहुंचने के लिए लंबी ट्रैफिक से होकर गुजरना और बारिश के दिनों में सड़कों पर घुटनों तक का पानी किसी से छिपा नहीं है। इस सभी चुनौतियों के बीच इस बार यहां की जनता ने भाजपा विधायक चंदन चौधरी पर अपना भरोसा जताया है। लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए विधायक ने भी अगले तीन महीने का रोड मैप तैयार किया है। उनका विश्वास है अपने वाले दिनों में संगम विहार के 'हर घर नल' का सपना साकार होगा। *इन्हीं सब पहलुओं पर चंदन चौधरी ने पंजाब केसरी के मेट्रो एडिटर सतेन्द्र त्रिपाठी व सीनियर रिपोर्टर मृत्युंजय राय से बातचीत की। पेश है साक्षात्कार के कुछ मुख्य अंश...*

○ फोटो: नीरज

आपने जो पानी की कालबाजारी के खिलाफ जंग छेड़ रखी है वह है क्या?

संगम विहार में जो दिक्कतें हैं, यह पूर्व में उत्पन्न की गई हैं। सोनिया विहार की पाइप लाइन है, उससे यहां की वन फोर्थ इलाके में पानी आता है। लेकिन वह जनता को नहीं जाता। यहां के पूर्व विधायक के माध्यम से कुछ माफियाओं ने जो पाइपलाइन थी, उसमें उन्होंने बूस्टर लगाकर लगभग दो-दो लाख लीटर के टैंक बना रखे हैं और उसी पानी की कालाबाजारी ये लोग करते आए हैं। मैंने इस बारे में जल बोर्ड की सीईओ शिल्पा शिंदे से बात की और इन समस्याओं को खत्म करने का तरीका तलाश लिया है। हमने 13 बूस्टर को सीज किया और उसमें बीएसईसी का मीटर लगवाकर जनता को समर्पित कर दिया है। यही नहीं यहां वैध और अवैध रूप से लगभग 350 ट्यूबवेल हैं। यह भी जल माफियाओं द्वारा चलायी जाती हैं। लोगों के लिए जो टैंकर भेजे जाते हैं वह भी पेड मिलते थे। हम इन पर लगाम कसने का काम कर रहे हैं। इससे लोगों को पानी मिलना शुरू भी हो गया है।

पाठक इस क्यूआर कोड को स्कैन करके संगम विहार विधानसभा से विधायक चंदन चौधरी के इस इंटरव्यू के वीडियो को punjabkesari.com यू-ट्यूब चैनल पर भी अब देख सकते हैं...

इस गर्मी संगम विहार की प्यास बुझ जाएगी?

जी हां इस गर्मी यहां के प्रत्येक लोगों के घर में पानी पहुंचेगा, उनकी प्यास जरूर बुझेगी। ट्यूबवेल का जल स्तर बढ़ाने के लिए इसके आसपास 'वर्षा जल संचयन' करवाने का भी काम किया जाएगा। हमारे यहां जब बारिश होती है तो नदि की तरह पानी बहता है। इसका कारण वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का न होना है। नालों की सफाई नहीं होती है। कहीं सीवर ओवरफ्लो है तो कहीं है ही नहीं, इसपर भी काम शुरू कर दिया है। जल्द ही यहां की स्थिति में आमूलचूल बदलाव दिखाई देगा।

पूर्व विधायक के खिलाफ आपने भ्रष्टाचार अभियान छेड़ रखा है वह क्या है?

जी हां। 'आप' के विधायक ने यहां कूलर, लाइटें व डस्टबीन घोटालों सहित कई घोटाले किए हैं। सोनिया विहार से पाइप लाइन बिछाकर यहां तक पानी लाने का काम पूर्व में किया गया था। जिसमें विजिलेंस जांच चल रही है। जब मैं चुनाव जीतकर आया तो पता चला कि इस पाइप लाइन से पानी ही नहीं आता है। मैंने जब यहां पानी छोड़ने की बात कही तो पता चला कि नई पाइप लाइन में भी कई लीकेज हैं। जब इन पाइप में पानी छोड़ा गया तो यहां रात में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। जांच से पता चला नई पाइप लाइनों में कहीं दस फीट का ब्रेक है तो कहीं पाइप लाइन है ही नहीं। इन्होंने साढ़े सात करोड़ का प्रोजेक्ट पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। इसी तरह क्षेत्र में जितनी लाइटें लगनी थी, वह लगाई नहीं गईं। वाटर कूलर अपने जानने वालों के यहां लगवाए गए, जनता को उसका लाभ ही नहीं मिला।



आप आने वाले समय में यहां क्या-क्या विकास कार्य करना चाहते हैं?

लोगों के लिए घर-घर पानी पहुंचाने का काम युद्ध स्तर पर करना है। पानी के लिए डीडीए से 4 एकड़ जमीन खरीदने की प्लानिंग है। साथ ही यहां के लोगों के लिए 100 बेड का अस्पताल खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बच्चों के लिए सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुलवाने का काम करूंगा।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

amarujala.com
NAME OF NEWSPAPERS----- नई दिल्ली | सोमवार, 7 अप्रैल 2025 DATED-----------

मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम और सात विवि से बदलेगी नरेला की तस्वीर

हरियाणा सीमा से सटी डीडीए की नरेला टाउनशिप से हटेगा घोस्ट टाउन का तमगा, 1-2 माह में राजस्व हिस्सेदारों के फीडबैक लेकर डीडीए आरएफपी जारी करेगा

आदित्य पाण्डेय

नई दिल्ली। बेहतर कनेक्टिविटी न होने से हरियाणा सीमा से सटी डीडीए की नरेला टाउनशिप वीरान दिखती है। लोग इसे घोस्ट टाउन तक कहकर बुलाते हैं। अब डीडीए और दिल्ली सरकार ने नरेला की तस्वीर बदलने की दिशा में कदम उठाते हुए इसे खेल, शिक्षा और वाणिज्य के केंद्र के रूप में विकसित करने का खाका तैयार किया है।

यहां मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम, सात विश्वविद्यालय, छात्रों व खिलाड़ियों के लिए आवासीय परिसर, अस्पताल और व्यावसायिक केंद्र बनेंगे। अगले 1-2 महीने में राजस्व हिस्सेदारों के फीडबैक लेकर डीडीए इस परियोजना के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी करेगा।

डीडीए ने मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम परियोजना में शामिल होने के इच्छुक राजस्व हिस्सेदारों से 9 अप्रैल तक फिजिकल और ऑनलाइन फीडबैक (ईओआई) मांगे हैं। फीडबैक पर दिल्ली सरकार से परामर्श के बाद डीडीए लाइसेंस फीस के आधार पर परियोजना के लिए भूमि सौंपेगा। अधिकारियों के मुताबिक इस परियोजना को शुरू करने के लिए डीडीए बेहद गंभीर है, बशर्ते कि परियोजना में बाजार की पर्याप्त रुचि दिखाई दे। ये परियोजना नरेला के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। नरेला का विकास होने से बाकी दिल्ली की बड़ी आबादी वहां स्थानांतरित होगी।

कुछ इस तरह बनेगा मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम। फाइल

मेट्रो, खेल और शिक्षा से मिलेगा विकास को बढ़ावा

- डीडीए का मुख्य ध्यान नरेला में बेहतर कनेक्टिविटी और विकास पर है। यहां शहरी विस्तार-2 रोड के करीब 20.23 हेक्टेयर में मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम बनना है। दिल्ली मेट्रो के रिठाला-कुंडली कॉरिडोर पर नरेला डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का स्टेशन भी बनेगा। सात विश्वविद्यालयों को पहले ही जमीन आवंटित कर दी गई है। शिक्षा केंद्र बनने से इस क्षेत्र में छात्रों और शिक्षकों की संख्या बढ़ेगी, जिससे खेल परिसर को भी फायदा होगा।

ओलंपिक स्तर की सुविधाएं देने की तैयारी

मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम को ओलंपिक स्तर की सुविधाओं से लैस किया जाएगा। डीडीए का लक्ष्य इन परिसरों को अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए तैयार करना है। इसमें शौकिया और पेशेवर एथलीटों के लिए प्रशिक्षण क्षेत्र, एथलीटों और आगंतुकों दोनों के लिए खेल गांव, स्टार श्रेणी के होटल के रूप में आवास सुविधाएं, फिटनेस सेंटर और खेल अकादमियां होंगी।

राजस्व हिस्सेदार चाहेंगे तो ये सुविधाएं भी मिलेंगी

- अस्पताल, क्लीनिक, खेल चिकित्सा केंद्र
- एथलीटों और आगंतुकों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए परिवहन नेटवर्क
- भूमिगत: बहुमंजिला पार्किंग सुविधाएं, मनोरंजक पार्क और सुविधाएं
- वाणिज्यिक केंद्र, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स